दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शुक्रवार 06 मार्च 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 991




## संक्षिप्त खबरें ।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ लखनऊ में खड़ी रहेगी कांग्रेस, 'गोप्रतिष्ठार्थ धर्म युद्ध शंखनाद यात्रा' पर अजय राय



**लोक तंत्र की आवाज़**

**वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा है कि सरकार के पास गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने के लिए अब केवल 6 दिन बचे हैं। यदि सरकार ऐसा नहीं करती है तो वह 'गोप्रतिष्ठार्थ धर्म युद्ध शंखनाद यात्रा' निकलेंगे और लखनऊ में 11 मार्च को सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। शंकराचार्य के इस यात्रा को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में शंकराचार्य के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता भी खड़े रहेंगे।

**गाय को मां मानने वाले शंकराचार्य के साथः अजय राय :** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिलने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उनके मठ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शंकराचार्य को होली की बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता शंकराचार्य के आंदोलन में उनके साथ खड़े रहेंगे। अजय राय ने कहा है कि शंकराचार्य को हम भगवान मानते हैं और जैसा हमारे भगवान का आदेश होगा हम वैसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ हम ही नहीं जो लोग भी गाय को माता मानते हैं, वह सभी लोग शंकराचार्य के साथ खड़े हैं।

**सरकार को दिया गया अल्टीमेटम समाप्त हो रहाः शंकराचार्य :** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमने सरकार को 40 दिन का अल्टीमेटम दिया था कि वह गाय को राज्य माता का दर्जा दे। अब केवल 6 दिन शेष बचे हैं।हम लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने देश भर के धर्माचार्यों से भी समर्थन मांगा है और हमें लोगों का समर्थन प्राप्त हो रहा है।उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के शंकराचार्य के समर्थन में बयान देने पर उन्होंने कहा कि जिनके संस्कार जिस तरह के होते हैं, वह उसी तरह के बयान देते हैं। केशव मौर्य के संस्कार अच्छे हैं, इस वजह से उन्होंने गौ माता को माता कहा और हमारा समर्थन किया। उन्होंने कहा कि गाय को माता मानने वाले सभी लोग हमारे साथ खड़े हैं।

# गजब संयोग: मार्च महीने में ही पहली बार CM पद की शपथ ली थी... नीतीश कुमार मार्च में ही छोड़ रहे मुख्यमंत्री की कुर्सी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़ा राजनीतिक अध्याय जुड़ा, जब जेडीयू के नेता नीतीश कुमार ने खुद मार्च के महीने में ट्वीट कर यह जानकारी दी है कि अब वह बिहार की राजनीति से दूर हो रहे हैं। इसके लिए उन्होंने जो रास्ता चुना है वह रास्ता है राज्यसभा का चुनाव लड़ना।यानी अब नीतीश कुमार बिहार के सीएम पद से इस्तीफा देने वाले हैं और वह राज्यसभा के मेंबर बनने जा रहे हैं। अब यह महज संयोग कहा जाए या कुछ और लेकिन नीतीश कुमार पहली बार सीएम मार्च के महीने में ही बने थे और अब सीएम का पद छोड़ने का फैसला भी मार्च के महीने में किया है। नीतीश कुमार को बिहार की राजनीति में 'सुशासन बाबू' और कई बार गठबंधन बदलने के कारण 'पलटू मास्टर' जैसे राजनीतिक विशेषण भी दिए जाते हैं। लेकिन एक बात साफ है कि पिछले 25 वर्षों में बिहार की राजनीति उनके इर्द-गिर्द ही घूमती रही है।

**पहली बार 2000 में बने थे मुख्यमंत्री :** नीतीश कुमार पहली बार 3 मार्च 2000 को बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। उस समय उन्होंने भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई थी। हालांकि उस वक्त उनके पास विधानसभा में बहुमत नहीं था। ऐसे में उन्हें बहुमत साबित करने का मौका नहीं मिला और मात्र सात दिन बाद 10 मार्च 2000 को उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यह नीतीश कुमार के राजनीतिक सफर की शुरुआत थी, लेकिन आगे चलकर यही नेता बिहार की राजनीति का सबसे प्रभावशाली चेहरा बन गया।

**2025 में दसवीं बार बने मुख्यमंत्रीः** बिहार की राजनीति में लगातार बने रहने का सिलसिला जारी रखते हुए 20 नवंबर 2025 को नीतीश कुमार ने दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इतने लंबे समय तक सत्ता में बने रहना भारतीय राजनीति में एक बड़ी उपलब्धि माना जाता है। नीतीश कुमार का यह राजनीतिक सफर बताता है कि बिहार की सत्ता में उनकी पकड़ कितनी मजबूत रही है। गठबंधन बदलने के बावजूद उन्होंने हर बार राजनीतिक समीकरण अपने पक्ष में बनाने में सफलता हासिल की है।

करीब ढाई दशक से बिहार की राजनीति में केंद्रीय भूमिका निभा रहे नीतीश कुमार का यह सफर भारतीय राजनीति में एक अनोखा उदाहरण बन गया है, जहां एक ही नेता अलग-अलग गठबंधनों के साथ कई बार मुख्यमंत्री पद तक पहुंचा है।

**2005 में प्रचंड बहुमत के साथ वापसीराजनीतिक :** करीब पांच साल बाद बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव आया। विधानसभा चुनाव में एनडीए को बड़ी जीत मिली और 24 नवंबर 2005 को नीतीश कुमार ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस कार्यकाल में उन्होंने सड़क, शिक्षा, कानून व्यवस्था और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर कई बड़े फैसले लिए, जिससे उनकी छवि एक विकासवादी नेता के रूप में मजबूत हुई।

**2010 में तीसरी बार मिली सत्ता**

नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को 2010 के विधानसभा चुनाव में भी शानदार जीत मिली। इसके बाद उन्होंने 26 नवंबर 2010 को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह कार्यकाल उन्होंने पूरे पांच साल तक चलाया और बिना इस्तीफा दिए सरकार चलाई। इस दौरान बिहार में विकास और प्रशासनिक सुधारों की काफी चर्चा रही।

**2015 में चौथी और पांचवीं बार शपथ :** 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद बिहार की राजनीति में समीकरण बदले। 2015 में नीतीश कुमार ने पहले 22 फरवरी 2015 को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।इसके बाद विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को जीत मिली और 20 नवंबर 2015 को उन्होंने पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।इस दौर में जेडीयू, आरजेडी और कांग्रेस का महागठबंधन सत्ता में आया था। जुलाई 2017 में बिहार की राजनीति में एक बड़ा मोड़ आया। आरजेडी से मतभेद के बाद नीतीश कुमार ने महागठबंधन से अलग होकर फिर से एनडीए का दामन थाम लिया। इसके बाद 27 जुलाई 2017 को उन्होंने छठी बार मुख्यमंत्री पद की शपथली।

# बीजेपी ने नीतीश कुमार को हाईजैक किया, राज्यसभा भेजे जाने पर तेजस्वी का हमला



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार में जेडीयू नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जाएंगे, इस पर तस्वीर साफ हो गई है. बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने खुद सोशल मीडिया पोस्ट कर इसका ऐलान किया है. नीतीश कुमार आज राज्यसभा चुनाव में आखिरी दिन नामांकन दाखिल करेंगे. उनके बेटे के बिहार की राजनीति में एंट्री की भी संभावना है. जदयू सूत्रों का कहना है कि बिहार में बीजेपी का सीएम होगा और जेडीयू के दो डिप्टी सीएम हो सकते हैं. बिहार की राजनीति में पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री रहे हैं. ईबीसी वर्ग में गहरी पैठ के साथ उन्हें सुशासन बाबू भी कहा जाता है. महागठबंधन के साथ 2-3 वर्षों का साथ छोड़ दें तो बीजेपी और जेडीयू का गठबंधन बिहार की सत्ता में रहा है, हालांकि कमान हमेशा नीतीश कुमार के हाथों में रही है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पटना में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. सूत्रों ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष नीतीश कुमार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे. राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समयसीमा गुरुवार को समाप्त हो जाएगी।

**ये हो सकते हैं बिहार के दो संभावित डिप्टी सीएमः** बिहार में सत्ता परिवर्तन की कवायद शुरू हो गई है और नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद संभावना यह कि CM पद बीजेपी के पाले में जाएगा. वहीं दो डिप्टी सीएम पद जेडीयू के पाले में जाएंगे. राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, इस रेस में पहला नाम निशांत कुमार का है. दूसरा नाम अशोक चौधरी का है।

# नीतीश कुमार ने राज्य सभा के लिए किया नामांकन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्यसभा में नई पारी शुरू करेंगे। नीतीश कुमार ने अभी-अभी राज्यसभा के लिये पटना में अपना पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर अमित शाह भी मौजूद रहे। इसके साथ ही बिहार में नए मुख्यमंत्री की तलाश तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में अपना मुख्यमंत्री बनाने के लिए गोटियां बिठानी शुरू कर दी हैं। केंद्रीय गृमंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई बड़े नेता पटना पहुंच चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने पर राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई।हालांकि उनके दौरे को को राज्यसभा चुनाव की रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों की दृष्टि से बताया जा रहा है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उनके दौरे का असली मकसद राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री तय करना है। भाजपा राज्य में पहली बार किसी भाजपाई के हाथ में मुख्यमंत्री की कमान सौंपने को लालायित है। बताया जाता है कि पार्टी की इसी रणनीति के तहत नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने का रास्ता बन पाया है।

**बिहार में नये मुख्यमंत्री की तलाश तेज**



**अमित शाह की मौजूदगी में किया नामांकन :** जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

**बिठाई जाने लगी हैं गोटिंयाः** गुरुवार 5 मार्च का दिन बिहार की राजनीति के लिए काफी अहम माना जा रहा है।बताया जाता है कि नामांकन के बाद गृह मंत्री अमित शाह भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में भी शामिल होंगे। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति और राज्य की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। माना जा रहा है कि सबसे अधिक चर्चा मुख्यमंत्री पद को लेकर होगी।

**किसके सिर सजेगा ताजः** नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की खबर के साथ ही इस बात के अनुमान लगाए जा रहे हैं कि अब उनकी पारी समाप्त होने के बाद राज्य का नया खेवनहार कौन होगा। किस भाग्यशाली नेता के सिर पर ताज पहनाया जाएगा। जाहिर है कि नीतीश के बाद भाजपा का मुख्यमंत्री बनने की प्रबल संभावना है।

मुख्यमंत्री की दौड़ में कई नाम प्रमुखता से उभर रहे हैं।इस रेस में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा का नाम उछाला जा रहा है। इसले अलावा दिलीप जायसवाल, दीघा से भाजपा विधायक संजीव चौरसिया जैसे नामों की चर्चा हो रही है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी इस दौड़ में बताए जाते हैं।

# नीतीश कुमार के दिल्ली जाने के बाद बिहार में 'दिल्ली मॉडल' लागू करेगी बीजेपी? ये हैं वो चार चेहरे जिनपर पार्टी खेल सकती है दांव

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने को लेकर आधिकारिक घोषणा हो गई है, और इसके साथ ही बिहार की राजनीति में कई नए सवाल खड़े हो गए हैं. उनके दिल्ली की राजनीति में जाने के बाद बिहार में नेतृत्व परिवर्तन लगभग तय होगा. ऐसे में बीजेपी के सामने कई विकल्प होंगे. राजनीति के जानकारों का मानना है कि इसी स्थिति में महिला मुख्यमंत्री का कार्ड भी एक बड़ा और चौंकाने वाला राजनीतिक दांव बन सकता है. बिहार की राजनीति में बदलाव के कयासों के बीच सवाल यह है कि अगर बीजेपी दिल्ली की तरह बिहार में भी महिला नेतृत्व का दांव खेलती है तो क्या राज्य को दूसरी



महिला मुख्यमंत्री मिल सकती है. राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा इसलिए भी तेज है क्योंकि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव के बाद विधानसभा में महिलाओं की संख्या बढ़ी है. कुल 29 महिला विधायक विधानसभा पहुंची हैं. इनमें से 10 विधायक बीजेपी की हैं. बता दें कि पार्टी ने चुनाव में 13 महिलाओं को टिकट दिया था जिनमें से 10 जीतने में सफल रहीं. यह सफलता दर पार्टी के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**क्या बीजेपी अपनाएगी दिल्ली मॉडल ?:** दरअसल, देश की राजनीति में हाल के समय में कई राज्यों में महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति देखी गई है. ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या बीजेपी बिहार में भी इसी तरह का प्रयोग कर सकती है. अगर ऐसा होता है तो राज्य को दूसरी महिला मुख्यमंत्री मिल सकती है. बिहार की पहली महिला मुख्यमंत्री राबड़ी रही हैं. हालांकि, अभी तक बीजेपी की ओर से इस तरह का कोई आधिकारिक संकेत नहीं दिया गया है. लेकिन राजनीतिक चर्चाओं में यह संभावना लगातार उठती रही है. राजनीति के जानकारों का मानना है कि अगर भविष्य में बीजेपी महिला मुख्यमंत्री का कार्ड खेलती है तो उसके पास कई नाम मौजूद हैं. इनमें चार नाम सबसे ज्यादा चर्चा में बताए जाते हैं।

**रेणु देवी सबसे अनुभवी चेहराः** इस सूची में सबसे मजबूत नाम रेणु देवी का माना जाता है. वह पश्चिम चंपारण जिले की बेतिया सीट से विधायक हैं और राज्य की पूर्व उप मुख्यमंत्री भी रह चुकी हैं. 2020 से 2022 तक उन्होंने उप मुख्यमंत्री के रूप में काम किया था. वे बीजेपी की वरिष्ठ नेताओं में गिनी जाती हैं और पार्टी के महिला मोर्चा में लंबे समय तक सक्रिय रही हैं. रेणु देवी कई बार विधायक रह चुकी हैं और संगठन के भीतर भी उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है. राजनीतिक जानकारों के अनुसार अनुभव, संगठन से जुड़ाव और प्रशासनिक समझ के कारण अगर बीजेपी महिला मुख्यमंत्री का चेहरा तलाशती है तो उनका नाम सबसे आगे आ सकता है।

# ईरानी युद्धपोत पर अमेरिकी हमले के बाद क्यों हो रही है मोदी सरकार की चर्चा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** बुधवार को अमेरिका ने हिंद महासागर में ईरान का एक युद्धपोत टॉरपीडो से हमला करके डुबो दिया है। इसे लेकर भारत की विपक्षी पार्टियां मोदी सरकार पर सवाल उठा रही हैं। अब ईरान ने अमेरिका के इस हमले पर प्रतिक्रिया दी है

**चार मार्च को ये घटना हुई :** अमेरिका ने इस युद्धपोत का नाम नहीं बताया है लेकिन उसका ये ऐलान श्रीलंकाई सरकार के उस बयान के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि ईरानी युद्धपोत डेना की ओर से उनके पास एक डिस्ट्रेस कॉल (आपातकालीन संदेश) मिला जिसमें सहायता मांगी गई थी। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराग़ची ने इस हमले को लेकर अमेरिकी की आलोचना की है।



उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, "ईरान के तट से दो हज़ार मील की दूरी पर अमेरिका ने समंदर में एक अपराध किया है. फ्रिगेट डेना नाम का जहाज़ जो भारतीय नौसेना का मेहमान था और जिसमें 130 नाविक सवार थे, उस पर बिना किसी चेतावनी के अंतरराष्ट्रीय सीमा में हमला किया गया. मेरी बात याद रखें- अमेरिका ने जो स्टैंडर्ड सेट किए हैं उसकी उसे भारी क़ीमत चुकानी होगी।

ग़ौरतलब है कि ईरान के इस युद्धपोत ने हाल ही में मिलिट्री एक्सरसाइज़ (सैन्य अभ्यास) में हिस्सा लिया था. जिसे इंटरनेशनल फ़्लीट रिव्यू-2026 कहा गया. इसकी मेज़बानी भारत ने की थी।

**मोदी सरकार पर सवाल ?:** अमेरिका ने दावा किया कि उसकी पनडुब्बी ने हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत पर हमला करके उसे डुबा दिया। इमेज कैप्शन,ईरान के इस युद्धपोत ने हाल ही में मिलिट्री एक्सरसाइज़ (सैन्य अभ्यास) में हिस्सा लिया था. इसकी मेज़बानी भारत ने की थी। इस हमले पर विपक्षी दलों के कई नेताओं ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ये ईरानी नौसैनिक भारत में एक कार्यक्रम में आए थे, जिन्हें हमने बुलाया था और वो हमारे मेहमान थे. जब वो वापस लौट रहे थे तब अमेरिकी सबमरीन ने उनके जहाज पर हमला कर उन्हें मार दिया।

उन्होंने लिखा, "लेकिन पीएम मोदी की तरफ से कोई आवाज़ नहीं आई. यह कायरता मंज़ूर नहीं है. पीएम मोदी का समझौता भारत को शर्मिंदा कर रहा है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने ईरानी जहाज का एक वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, "ये वीडियो मोदी जी की कायरता को हमेशा-हमेशा के लिए दर्ज करेगा. भारत के बुलावे पर 'मिलन युद्धाभ्यास 2026' के लिए ईरान ने अपना जहाज भेजा था. महामहिम राष्ट्रपति जी के सामने इस जहाज की खूबियाँ बताई गई।

संजय सिंह ने आगे लिखा, "इस जहाज को अमेरिका ने मार गिराया जिसमें 100 से अधिक नाविक मारे गए, हमारे मेहमान मारे गए और मोदी ख़ामोश हैं। आरजेडी की प्रवक्ता प्रियंका भारती ने भी सरकार पर सवाल खड़े किए हैं

# ईरान की इजरायल को आखरी चेतावनीः हाथ लगाया तो नक्शे से मिटा देंगे परमाणु केंद्र!

**लोक तंत्र की आवाज़**

**तेहरान/यरूशलेम।** मिडिल ईस्ट की धरती एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठी नजर आ रही है। ईरान और इजरायल के बीच तनाव अब उस खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है जहाँ से वापसी की राह मुश्किल लग रही है। ईरान ने अब तक की सबसे बड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसकी सत्ता पलटने की कोई भी कोशिश हुई, तो वह इजरायल के 'डिमोना' परमाणु साइट को निशाना बनाने से नहीं हिचकिचाएगा।ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ।SNA ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह सनसनीखेज जानकारी दी है।



**सत्ता परिवर्तन की कोशिशों पर भड़का ईरानः** ईरानी सैन्य अधिकारी की यह तीखी चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान में सरकार बदलने (Regime Change) की बातें तेज हो गई हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बार-बार ऐसे संकेत दिए हैं कि वे ईरान की मौजूदा व्यवस्था को बदलने के पक्ष में हैं। ईरान इसे सीधे तौर पर अपनी संप्रभुता पर हमला मान रहा है और इसी के जवाब में उसने इजरायल के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले परमाणु ठिकाने को तबाह करने की धमकी दी है।

**क्या ट्रंप दिखाएंगे नरमी या छिड़ेगा महायुद्ध ?:** दुनिया भर के कूटनीतिज्ञ इस बात पर नजर गड़ाए हुए हैं कि क्या डोनाल्ड ट्रंप वास्तव में युद्ध के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। कुछ जानकारों का मानना है कि ट्रंप अपनी शर्तें पूरी होने की बात कहकर अचानक पीछे भी हट सकते हैं और शांति का रास्ता चुन सकते हैं। हालांकि, इजरायली खेमे से आ रही खबरें कुछ और ही कहानी बयां कर रही हैं।यरूशलेम पोस्ट ने सीनियर इजरायली अधिकारियों के हवाले से दावा किया है कि ट्रंप इस बार हार मानने वाले नहीं हैं।

# ईरान के आसमान में इजरायली F-35 ने YAK-130 जेट को मिट्टी में मिलाया, अपनी पहली डॉगफाइट में रचा इतिहास

**लोक तंत्र की आवाज़**

**तेहरान।** मध्य पूर्व में जारी भीषण युद्ध के बीच एक ऐसी सैन्य घटना घटी है जिसने वैश्विक रक्षा विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है. इजरायली वायुसेना (IAF) के अत्याधुनिक F-35I "अडीर" फाइटर जेट ने ईरान के YAK-130 लड़ाकू विमान को एक सीधी हवाई भिड़ंत (डॉगफाइट) में मार गिराया. इजरायल डिफेंस फोर्सेस (IDF) ने इस ऐतिहासिक कामयाबी की पुष्टि करते हुए बताया कि यह मानव रहित विमानों के दौर में किसी इंसान द्वारा संचालित फाइटर जेट को F-35 द्वारा मार गिराए जाने की दुनिया की पहली घटना है।



**तेहरान की घेराबंदी और हवाई वर्चस्व :** ईरान की राजधानी तेहरान और उसके आसपास के इलाकों में पिछले पांच दिनों से इजरायल और अमेरिका की संयुक्त बमबारी जारी है. शनिवार से शुरू हुए इस महायुद्ध में अब तक की सबसे बड़ी खबर ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत और कई शीर्ष नेताओं की हत्या है. इस भारी दबाव के बीच ईरान ने भी मिसाइलों से जवाबी प्रहार किए हैं जिसके जवाब में इजरायल ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह एक्टिवेट कर दिया है। बुधवार रात्रि को IDF ने तेहरान में स्थित ईरानी के बासिज (Basij) और इंटरनल सिक्योरिटी कमांड सेंटर पर घातक हमले किए. इजरायल का दावा है कि इन केंद्रों का इस्तेमाल ईरानी पूरे देश पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए करता था जिन्हें अब पूरी तरह तबाह कर दिया गया है।

**F-35I बनाम YAK-130: तकनीक का शक्ति प्रदर्शनः** अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित F-35 अडीर को दुनिया का सबसे उन्नत स्टील्थ फाइटर जेट माना जाता है. इजरायल इस तकनीक का इस्तेमाल अपनी सुरक्षा के लिए लंबे समय से कर रहा है. दूसरी ओर ईरान का YAK-130 रूस निर्मित एक सबसोनिक दो सीटों वाला एडवांस्ड जेट ट्रेनर है।

# देश को मजबूत नेतृत्व की जरूरत" ईरानी युद्धपोत पर हमले को लेकर राहुल गांधी ने मोदी पर किया कड़ा प्रहार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** श्रीलंका के तट के पास अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत 'IRIS Dena' को डुबोए जाने के बाद भारत में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खामोशी पर सवाल उठाते हुए उन्हें जमकर घेरा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष अब भारत के पिछले दरवाजे (Backyard) तक पहुंच गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश को एक मजबूत नेतृत्व की जरूरत है, तब



प्रधानमंत्री ने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का सरेंडर कर दिया है।राहुल ने आगाह किया कि भारत की 40% तेल आपूर्ति और गैस (LPG/LNG) का बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, जिस पर अब सीधा खतरा मंडरा रहा है।

**मेहमान नवाजी और विश्वासघात का सवाल :** पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने इस घटना पर भारत की संवेदनशीलता का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि 'IRIS Dena' विशाखापत्तनम में आयोजित International Fleet Review 2026 और MILAN 2026 अभ्यास में भारत के विशेष निमंत्रण पर शामिल होने आया था।प्रोटोकॉल के मुताबिक, अभ्यास में शामिल जहाज गोला-बारूद नहीं ले जाते। सिब्बल के अनुसार अमेरिकी नौसेना ने आखिरी समय में अभ्यास से नाम वापस ले लिया था, जो संभवतः इस हमले की पूर्व-योजना का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि ईरानी नौसैनिकों ने हमारे राष्ट्रपति को सलामी दी थी, ऐसे में उनके प्रति संवेदना व्यक्त करना भारत की नैतिक जिम्मेदारी है।

**ईरान ने अमेरिका को दी कड़ी चेतावनी :** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि निहत्थे जहाज पर बिना चेतावनी के हमला एक अत्याचार है और वाशिंगटन को अपने इस कदम पर भारी पछतावा होगा। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बुधवार को पुष्टि की थी कि एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी जहाज को टॉरपीडो से निशाना बनाया है।

लोकतंत्र की आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र


## संक्षिप्त खबरें ।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**नरहट।** हिसुआ सिरदला पथ पर ओलिपुर चहलचक गांव के पास बुधवार को तेज रफ्तार बाइक चालक ने एक महिला को टक्कर मार दी जिससे महिला गम्भीर रूप से जख्मी हो गई। इलाज के लिए नवादा ले जाने के क्रम में महिला की मौत हो गई। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि बाइक चालक बाइक से नरहट से सिरदला की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था इस दौरान चहलचक गांव के सड़क पार रही महिला को टक्कर मार दिया जिससे महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। टक्कर के बाद ग्रामीण जुट गए और बाइक चालक एवं बाइक सवार दोनों को पकड़ लिया। भीड़ दोनों के साथ मारपीट करने लगी। सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों युवक को काफी मशक्कत से भीड़ से निकाल कर थाना लाया। बाइक बीआर 27 टी 5978 को भी जप्त किया गया है। गम्भीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए नरहट सीएचसी लाया गया। यहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया। नवादा ले जाने के क्रम में रास्ते में महिला की मौत हो गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौप दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृत महिला की पहचान ओलिपुर चहलचक निवासी अमीरक यादव के 58 वर्षीय पत्नी सोना देवी के रूप में हुई है। हिरासत में लिए गए धक्का मारने वाला बाइक चालक सिरदला थाना क्षेत्र के सिंधोल गांव का बताया जा रहा है।

### धमौल में बरनवाल महिला सेवा समिति का गठन, सुनीता बरनवाल बनीं अध्यक्ष



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित गांव धमौल में सामाजिक एकता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बरनवाल समाज की महिलाओं ने नई समिति का गठन किया। बरनवाल सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज आर्य की अध्यक्षता में आर्य समाज मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से ''बरनवाल महिला सेवा समिति, धमौल'' का गठन किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से सुनीता बरनवाल को महिला समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, सचिव पद की जिम्मेदारी संगीता बरनवाल को और कोषाध्यक्ष पद पर पूजाबरनवाल को मनोनीत किया गया। नई कमिटी के गठन के साथ ही 11 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें ममता देवी, रेखा बरनवाल, सविता देवी, चंचला देवी, रानी बरनवाल, नेहा बरनवाल, प्रीति देवी, निक्की कुमारी, बबिता बरनवाल, रूपा कुमारी एवं मोनिका बरनवाल को शामिल किया गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि समिति सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगी और समाज की महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करेगी।महिला समिति गठन के उपरांत होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे वातावरण में उत्साह का रंग देखने को मिला।इस मौके पर समिति के सचिव अजीत भारती, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष मुरारी बरनवाल, धीरज बरनवाल, विनय लाल, संतोष कुमार बबलू, नैंसी कुमारी, राधिका कुमारी, सीनु बरनवाल, सुरभि, श्रेया सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिरदला प्रखंड में अबीर-गुलाल के साथ हर्षोल्लास से मनाई गई होली



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। गुरुवार को लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा पर्व की खुशियां साझा कीं। गांवों और बाजारों में सुबह से ही उत्सवी माहौल बना रहा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने रंग-गुलाल के साथ पारंपरिक गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर होली का आनंद लिया। होली को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न संवेदनशील स्थानों और होलिका दहन स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थाना क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रही, जिससे कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस वर्ष होली आपसी भाईचारे और शांति के माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन की सक्रियता और लोगों के सहयोग से पूरा क्षेत्र रंगों के इस पर्व में सराबोर नजर आया।

# जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त ने जिले मे शांतिपूर्ण तरीके से होली सम्पन्न

**गया जी शहर से गाँव तक रंगों में सराबोर हुआ होली का उल्लास**

लोकतंत्र की आवाज





**गयाजी।** बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रंगों का पर्व होली पूरे जिलाधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त के अथक प्रयास से गया जी एवं शहर अनुमंडल में हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ है। शहर से लेकर गांव तक रंग, उमंग और उत्साह की ऐसी छटा बिखरी कि हर गली-मोहल्ला मानो प्रेम और भाईचारे के रंग में रंग गया है। होली के दूसरे दिन मटका फोड़ होली के दौरान युवाओं की टोलियां ढोल-मजीरा की थाप पर फगुआ गीत गाते हुए झूमती और थिरकती नजर आईं। रंगों से सराबोर लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर स्नेह और सौहार्द का संदेश देते रहे हैं।

होली से जुड़ी पौराणिक कथाएं लोगों को सत्य और धर्म की शक्ति का स्मरण कराती हैं। हिरण्यकश्यप और भक्त प्रह्लाद की कथा इस पर्व की आत्मा को उजागर करती है, जो यह सिखाती है कि अंततः बुराई पर अच्छाई की ही विजय होती है। शहर के चोक रोड,रमना,पिरमंसूर पिपरपाती रोड,और बागेश्वरी ,छोटकी नवादा सहित विभिन्न इलाकों में होली गीत गाने वालों की टोलियां निकाली गईं हैं। ढोल-मजीरा की गूंज और फगुआ की मधुर धुन पर युवाओं और बुजुर्गों की टोली मोहल्लों की गलियों में घूम-घूमकर लोगों के घर पहुंची और अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पर्व की खुमारी बच्चों के सिर चढ़कर बोल रही थी। छोटे-छोटे बच्चों का उल्लास और चंचलता देखते ही बन रही थी। शहर से लेकर गांव तक हर ओर हंसी, ठिठोली और रंगों की फुहार से वातावरण सराबोर रहा है। महिलाओं की टोलियां भी रंगों में भीगकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाती हुईं पर्व की खुशियों में सहभागी बनीं। सुबह से शुरू हुआ रंगों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा है। युवाओं के साथ बच्चों ने भी जमकर मस्ती की। क्या आम और क्या खास, सभी ने आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। हर ओर रंगोत्सव की धूम रही। कहीं मटका फोड़ तो कहीं कुर्ता फाड़ होली की परंपरा निभाई गई। गांवों में बुजुर्ग पारंपरिक फगुआ गीतों की धुन पर झूमते हुए रंगोत्सव की खुशियां मनाते आए हैं।पानी की बौछार, ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की गूंज के बीच उत्साही युवकों ने ऊंचाई पर लटकाए गए मटकों को फोड़ने का रोमांचक करतब दिखाया। रंगों के इस उल्लासमय पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी और पुलिस के जवानों ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी किया है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर प्रशासन की विशेष नजर बनी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में होली का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

# आनंद वर्धन को मिला डॉक्टरेट पीएचडी की उपाधी, खुशी की लहर



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-नगर परिषद वारिसलीगंज के माफी ग्रामीण रौशन सिंह के पुत्र आनंद वर्धन ने पटना विश्वविद्यालय से ₹हिंदी ग़ज़ल और बिहारः एक अनुशीलन₹ पर शोध कार्य कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।26 फरवरी 2026 को पटना विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में आयोजित खुली मौखिकी में आनंद वर्धन ने अपनी शोध प्रबंध के सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर संबंधित प्रश्नों का संतोषप्रद जवाब दिया।मौके पर बाह्य परीक्षक के रूप में विश्व भारती ,शांति निकेतन से ऑनलाइन जुड़े प्रो (डॉ )मुक्तेश्वर नाथ तिवारी , शोध निदेशक प्रो (डॉ) इंद्र नारायण सिंह और हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) विजय कुमार ने आनंद वर्धन को सहर्ष यूजीसी के नियमानुसार पी० एच ० डी ० की उपाधि प्रदान करने की संस्तुति की।इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) तरुण कुमार समेत विश्वविद्यालय के तमाम प्राध्यापकों में खुशी की लहर देखी गई। बताते चलें कि आनंद वर्धन पूर्व में यूजीसी नेट - जे०आर०एफ उत्तीर्ण हैं। वर्तमान में वे माननीय पटना उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति शशि भूषण प्रसाद सिंह के पीठ में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। आनंद वर्धन की शोध जैसी श्रम साध्य सफलता पर वारिसलीगंज में भी खुशी देखी गई। क्षेत्र के बुद्धिजीवी, शोधार्थी में भी उत्साह देखा गया।भूतपूर्व शिक्षक मिथिलेश सिंह,परशुराम सिंह, नागेन्द्र शर्मा 'बंधु ',डॉ गोविंद जी तिवारी, संजय कुमार ' मंगल 'अपसढ़ मुखिया राजकुमार सिंह , जदयू नेता संजय सिंह पत्रकार अशोक कुमार, गुड्डू पत्रकार,उमाशंकर पाठक जी,सुजीत कुमार ,मिथलेश कुमार, मुकेश ,राजीव, प्रदीप जी ने हार्दिक बधाई और अग्रेत्तर सफलता के लिए शुभकामनाएं दिया है।

# तुर्कबन गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित धमौल के गांव तुर्कबन में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गुरुवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया किएक पक्ष से जर्नादन पासवान की पत्नी कंचन देवी ने थाना में आवेदन देकर 16 नामजद एवं लगभग 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की तथा मारपीट की।वहीं, दूसरे पक्ष से धमौल पंचायत के मुखिया रामरूप यादव की पत्नी प्रमिला देवी ने भी थाना में आवेदन देकर 23 नामजद तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।बताया जाता है कि बुधवार को तुर्कबन गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान मारपीट एवं रोड़ेबाजी की घटना हुई, जिससे गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मारपीट की इस घटना में कई लोगों को चोटें आई है। घटना की सूचना मिलने के बाद धमौल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# फेस से हाजिरी बनाने में छूट रहे पसीने, मजदूर कार्यस्थल से बैरंग लौट रहे, वीबी जी राम जी योजना एवं मजदूरों के भविष्य पर खड़ा हुआ प्रश्नवाचक चिन्ह

लोक तंत्र की आवाज



**कौआकोल।** मनरेगा के बदले स्वरूप वीबीजी रामजी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में फर्जी हाजिरी पर रोक लगाने के लिए राज्यभर में फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली लागू कर दी गई है। अब पंजीकृत श्रमिकों की उपस्थिति कार्यस्थल पर फेस रीडिंग के माध्यम से दर्ज की जा रही है,जिससे केवल वास्तविक और मौके पर मौजूद मजदूरों की ही हाजिरी लग सकेगी। रोजगार सेवक अब फेस रीडिंग से हाजिरी लगा रहे हैं। परन्तु सिस्टम में तकनीकी चुनौतियाँ भी सामने आ रही हैं। तकनीकी खामियां के चलते मजदूर भूखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। मजदूरों का कहना है कि विभागीय सॉफ्टवेयर से जो हाजिरी बनती है,उसमें आधा घण्टा से अधिक समय लग रहा है। बावजूद दस मजदूरों में एक से दो व्यक्ति का हाजिरी बनता है। जिससे वे लोग रोजगार और मजदूरी से वंचित हो रहे हैं। जिससे मजदूरों के साथ साथ मनरेगा के भविष्य पर भी प्रश्नवाचक चिन्ह खड़ा हो गया है। सरकार के इस नए सिस्टम से मजदूरों में काफी रोष देखा जा रहा है। खड़सारी पंचायत के मजदूर महादेव मांझी,देवकी राम,नन्दकिशोर राम,बालचन्द मांझी आदि ने बताया कि वेलोग दिहाड़ी मजदूर हैं। प्रत्येक दिन कमाकर परिवार का गुजर बसर करना होता है। मनरेगा के तहत उनलोगों को पहले काम मिलता था। लेकिन सरकार के इस नए नियम से उनलोगों को काम मिलने पर आफत हो गया है। जिससे पेट पालना मुश्किल लग रहा है। बता दें कि गांवों के विकास की तस्वीर बदलने के साथ साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से मनरेगा अब वीबी जी राम जी योजना के तहत मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु कई बदलाव लाये गए हैं। इसी कड़ी में पंचायत रोजगार सेवक द्वारा कार्य स्थल पर ही टैब के माध्यम से मजदूरों के चेहरे की पहचान कर उनकी हाजिरी बनाने का काम किया जाना है।

# होली में हुई छिटपुट घटनाएं में एक दर्जन से अधिक लोग हुए घायल, विभिन्न मामलों में गिरफ्तार 10 लोग भेजे गए न्यायिक हिरासत में

लोक तंत्र की आवाज



**कौआकोल।** रंगों का त्योहार होली कौआकोल में छिटपुट घटनाओं के बीच सम्पन्न हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की कड़ी चौकसी के बावजूद कौआकोल थाना क्षेत्र के कई गांवों में आपसी झड़प एवं मारपीट की घटनाएं घटित होने का मामला प्रकाश में आया है। पहली घटना थाना क्षेत्र के कोल्हुआवर गांव में घटित हुई। जहां रंग लगाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में आपसी झड़प हो गई। जिसमें दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिससे दोनों पक्षों से गेंधारी प्रसाद, मन्नू प्रसाद, रविकांत कुमार, हरि यादव, विभीषण प्रसाद समेत अन्य लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं दूसरी घटना मधुरापुर गांव के पास हुई। जहाँ कौआकोल बाजार से लौट कर जा रहे मड़पो गांव निवासी यदुनन्दन पांडेय के पुत्र निशिकांत पांडेय को अज्ञात बदमाशों ने जमकर मारपीट कर दिया। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। वहीं तीसरी घटना थाना क्षेत्र के दुमुहान गांव में घटित हुई। जहां दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में मेदनी यादव की पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व के दौरान मारपीट एवं अलग अलग मामलों में कोल्हुआवर एवं मधुरापुर से गिरफ्तार अभिमन्यु प्रसाद, हरि यादव, निरंजन कुमार, बिपिन कुमार, रवीकांत कुमार, संगीता देवी, विभीषण प्रसाद, बिट्टू कुमार, दुलारचंद यादव समेत दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# धूमधाम से मनी होली, बुढ़वा होली पर निकली झुमटा

लोक तंत्र की आवाज



**काशीचक ।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर होली का त्योहार पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मना गया। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में विभोर हो गए। युवाओं की भी अपनी अलग महफिल जमीं थी। यह नजारा मुहल्ले के हर गली और चौक चौराहे पर दिख रहा था। महिलाओं की टोली भी किसी से कम नहीं थी। घर की छत पर महिलाएं भी जमी थी। पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी।पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि होली का त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस की ओर से होली के दौरान हुल्लड़बाजी और किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने विशेष सुरक्षा इंतजाम किए हैं।पुलिस की ओर से जिले में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाए गए हैं। ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर कार्रवाई के लिए भी विशेष चेकिंग की जा रही है। लालबीधा में समाजसेवी विकास कुमार के नेतृत्व में लोगों ने जमकर होली का आनंद लिया।

# शांति निकेतन एकेडमी के संस्थापक की मनायी गयी 21वीं पुण्यतिथि

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** शांति निकेतन एकेडमी के संस्थापक व समाजसेवी स्मृतिशेष रामगोविंद शर्मा जी की 21 वी पुण्यतिथी नूतन नगर बेलदारी टोला स्थित उनके आवास श्रीअवध निवास में मनायी गयी।. इस मौके पर बिहार विधानसभाध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सीएम जीतनराम मांझी, औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा, टिकारी विधायक अजय दांगी, टिकारी के पूर्व विधायक डॉ अनिल कुमार, वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, बेलागंज विधायक के प्रतिनिधि, रॉकी यादव, जदयू महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल, जदयू महिला जिलाध्यक्ष सह नागरिक परिषद सदस्य ज्योति दांगी, डॉ नवनीत निश्चल, डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ दीनानाथ कुमार, डॉ टी शर्मा, डॉ कुमार रंजीत (न्यूरो सर्जन), डॉ नीरज कुमार, डॉ एनके नवल, प्रखंड प्रमुख सुचिता रंजनी, नगर व मानपुर के बीडीओ वेदप्रकाश, पुष्कर प्रवीण, भाजपा नेता प्रशांत कुमार, धुठिया मुखिया प्रतिनिधि आदित्य कुमार, युवा जदयू जिलाध्यक्ष सह नगर प्रखंड उप प्रमुख सतीश पटेल उर्फ रमाकांत, प्रशासनिक पदाधिकारी, न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, शिक्षाविद, परिजन, मीडियाकर्मी एवं विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

बिहार विधानसभाध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि शर्मा जी का जीवन समाज के प्रति समर्पित एवं संत का जीवन था उन्होंने पूरे जीवन निःस्वार्थ सेवा भाव से समाज के सभी वर्गों की सहायता की। शर्मा जी के जीवन दर्शन का अध्ययन करने पर पता चलता है कि वह समाजसेवी होने के साथ-साथ दूर दृष्टि भी थे और उन्होंने आने वाली पीढ़ी को वैश्विक स्तर की शिक्षा मिल सके इसलिए उन्होंने शहर में छात्रों की बेहतर शिक्षा एवं मार्गदर्शन के उद्देश्य से 6 एकड़ के विशाल भूमि पर शांति निकेतन एकेडमी की स्थापना किये किये थे ' इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने कहा कि स्मृतिशेष रामगोविंद शर्मा के अधूरे सपने को पूरा करने का कार्य उनके पुत्र हरि प्रपन्न उर्फ पप्पू जी, लव कुमार, कुश कुमार समाज में शिक्षा का अलख फैला रहे हैं। अर्श सुपर हॉस्पिटल के चेयरमैन नवनीत निश्चल श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि शर्मा जी यह सोचते थे कि बच्चों की स्वर्णिम विकास हो एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले एवं संस्थान परिसर में प्रारंभ से उच्च शिक्षा प्राप्त हो इसलिए उन्होंने शहर में शांति निकेतन एकेडमी 10+2 (तीनो संकाय :- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य) की स्थापना की थी, उन्हीं के प्रेरणा से इस साल शांति निकेतन ऑफ मेडिकल साइंस नर्सिंग तथा फार्मेसी शांति निकेतन ऑफ़ टेक्नोलॉजी (पॉलिटेक्निक) कॉलेज की स्थापना की गई। शांति निकेतन एकेडमी के चेयरमैन, समाजसेवी, शिक्षाविद तथा श्री परांकुश फाउंडेशन ट्रस्ट के सचिव सह जिला ओलंपिक संघ के चेयरमैन हरि प्रपन्न उर्फ पप्पू जी ने बताया कि 2 मार्च 2006 को उनके पिताजी का निधन हो गया था और अपने पिता जी के सपनों को साकार करने के लिए मेरा पूरा जीवन समर्पित है, आज भी विद्यालय में उनके दिए हुए वचन के अनुरूप जो समाज के बच्चे आर्थिक कठिनाई के कारण विद्यालय नहीं आ पाते हैं, उन्हें शांति निकेतन एकेडमी में निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था है । शांति निकेतन एकेडमी, रौना(चाकन्द) के निदेशक लव कुमार ने विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न को आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से ही उनके पिताजी का सपना और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने शांति निकेतन एकेडमी के साथ-साथ राम गोविंद शर्मा मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं डिग्री कॉलेज तथा माँ शांति फ्यूल स्टेशन(जहानाबाद) की स्थापना की है। इस मौके पर विद्यालय परिवार की शांति देवी, लव कुमार, कुश कुमार, नारायण प्रपन्न, केशब प्रपन्न ,आद्या रानी एवं पुत्री रेणू सिंह, परांकुशाचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ वेंकटेश शर्मा , एवं मगध के बहुत सारे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# वारिसलीगंज में खूब उड़े रंग-गुलाल, हर तरफ हुई रंगों की बौछार

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-प्रखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को होली तथा गुरुवार को बुढ़वा होली शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण वातावरण से मनाया गया।शरद ऋतु की विदाई व गर्मी के आगमन की आहट के बीच बुधवार को रंगों का त्योहार होली आपसी भाईचारे के साथ मनायी गयी।लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाये और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी।इस मौके पर जगह-जगह होली मिलन समारोह व मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किये गये।गीत-संगीत व नृत्य पर लोग झूमते रहे।हर शख्स रंग व अबीर से सराबोर था।न ऊंच-नीच न भेदभाव सभी एक-दूसरे को बधाईयां दीं।पूरे माहौल रंगों से सराबोर हो गया।जबकि ₹ भर फागुन बुढ़वा देवर लागे ₹जैसी चली आ रही पारंपरिक होली गीतों का क्रेज इस दफे भी बरकरार रहा।बुढ़े हो या जवान सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते रहे।इधर, पुलिस द्वारा विधि व्यवस्था बनाये रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया। इस दौरान गांव वा शहर के बच्चों द्वारा जमकर मिट्टी और रंग की होली खेली गई। बुधवार की सुबह ही बच्चों की टोली मिट्टी से सराबोर होकर एक दूसरे को मिट्टी लगाने में लग रहे। वहीं दोपहर बाद बच्चों की टोली रंग गुलाल और अबीर एक दूसरे को लगाकर खूब मस्ती की। जबकि गुरुवार की सुबह से ही बच्चे रंग और अबीर एक दूसरे को लगाने में लग रहे। वहीं प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी गांव में होली के मौके पर होली फगुआ का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गोण्डा : चोरी की महिंद्रा मैक्स बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**करीम खान**

**गोण्डा,** कोतवाली नगर पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की महिंद्रा मैक्स वाहन बरामद की है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत तथा क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय के पर्यवेक्षण में कोतवाली नगर पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अखिलेश तिवारी उर्फ कुनाल तिवारी निवासी पूरे शिवा बख्तावर और हरीकिशन शुक्ला निवासी शुकुलपुरवा कटहा माफी, थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार समशाद अली निवासी मोहल्ला महरानीगंज घोसियाना ने तहरीर देकर बताया था कि वह महिंद्रा मैक्स वाहन चलाता है, जो बहराइच निवासी सतीश कुमार के नाम पंजीकृत है। 3 मार्च की रात उसने वाहन को इंडियन बैंक साहबगंज/दुआ बाजार के पास सड़क किनारे लॉक कर खड़ा किया था, लेकिन 4 मार्च को वाहन वहां से गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी वाहन का पता नहीं चलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और 5 मार्च को रानीजोत मार्ग से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की महिंद्रा मैक्स बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल दीनदयाल यादव, कांस्टेबल प्रभाकर यादव, संदीप चौहान और पियूष गोस्वामी शामिल रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**रिपोर्ट महताब अहमद**



मंडावर थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर में बुधवार की शाम मामा के यहाँ जा रहे बाईक सवार युवक की अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर मोके पर दर्दनाक मौत हो गई सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मंडावर थाना क्षेत्र के गाँव नारायणपुर निवासी रोहित पुत्र दोजराज सिंह 24 वर्ष बुधवार की शाम 7 बजे के करीब बाईक से अपने किसी रिश्तेदार के घर गांव रामजीवाला जा रहा था! जैसे ही वह मंडावर वालावाली मार्ग पर गाँव रामजीवाला के पास पंहुचा तभी किसी अज्ञात बाहन ने उसकी बाईक मे टक्कर मार दी जिसमे उसकी मोके पर ही मौत हो गई! सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया! युवक की मौत से स्वजनो मे कोहराम मचा है! थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है!

# आयुक्त ने वृद्धाश्रम, वन स्टॉप सेंटर व बाल देखरेख संस्थान में मनाई होली

लोकतंत्र की आवाज



**करीम खान**

**गोण्डा,** होली के पावन पर्व पर देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपनी धर्मपत्नी गरिमा भूषण और सुपुत्र के साथ वृद्धाश्रम, वन स्टॉप सेंटर तथा बाल देखरेख संस्थान पहुंचकर वहां रह रहे वृद्धजनों, महिलाओं और बच्चों के साथ हर्षोल्लास से होली मनाई। इस दौरान उन्होंने रंग-गुलाल लगाकर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

सबसे पहले आयुक्त वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाथों से उन्हें गुझिया खिलाई और रंग लगाकर होली की बधाई दी। आयुक्त के इस आत्मीय व्यवहार से वृद्धजन भावुक हो उठे और उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद आयुक्त बाल देखरेख संस्थान पहुंचे, जहां बच्चों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। आयुक्त ने बच्चों को अल्पाहार वितरित किया और रंग-गुलाल लगाकर उनके साथ होली का पर्व मनाया। बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया। आयुक्त ने वन स्टॉप सेंटर में रह रही महिलाओं से भी मुलाकात की और उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जो हमें सभी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने प्रेम, सौहार्द और उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया।

## रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ भव्य होली मिलन समारोह, अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

लोकतंत्र की आवाज



**करीम खान**

**गोण्डा,** होली पर्व को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के बाद गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, मंडलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण, पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वामासरथी संघ की अध्यक्षा डॉ. तन्वी जायसवाल, डीएफओ अनुराग प्रियदर्शी तथा आईएफएस प्रशिक्षु प्रिया अग्रवाल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर तथा फूलों की वर्षा कर होली की बधाई दी।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस परिवार के बीच आपसी भाईचारे, सहयोग और समन्वय की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक दवाच्या सहित सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और जनपद के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गौकशौ और पुलिस के बीच मुठभेड़, मुठभेड़ में गौकशी के मुकदमे का आरोपी घायल पुलिस ने किया गिरफतार




लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**

देवबंद कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा के नेतृत्व में देवबंद पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ में गौकशी के मुक़दमे में फरार एक अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उसके पास से 1 तंमचा दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देश में जनपद सहारनपुर में अपराधो की रोकथाम के लिए देवबंद पुलिस की और से लगातार गश्त व चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात थाना देवबंद पुलिस अकबरपुर गढी राजवाहे की पुलिया के पास वाहनों की चैकिंग कर रही थी तभी इंद्रपुर गढी की तरफ से मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जिस पर सवार दो युवकों को पुलिस ने रुकनें का इशारा किया, लेकिन बाइक सवार युवकों ने मोटरसाइकिल रोकने की बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और हाशिमपुरा राजवाहे की पुलिया की और भाग खड़े हुए। पुलिस टीम द्वारा युवकों का पीछा किया गया, पुलिस को नजदीक आता देख युवकों ने दोबारा पुलिस पर फायरिंग की, जिससे आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में एक युवक टांग में गोली लग गई और दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल में फरार हो गया, घायल युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसकी पहचान आशु उर्फ आश मोहम्मद पुत्र ताहसीन उर्फ बुदधू निवासी ग्राम फुलास अकबरपुर थाना देवबंद जनपद सहारनपुर के रूप में हुई। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मुठभेड़ करने वाली टीम में थाना प्रभारी अमरपाल शर्मा, उपनिरीक्षक अजब सिंह, उपनिरीक्षक शिवम चौधरी, काट्ट पवन सिरोही, शमीम अहमद, ब्रह्मा प्रकाश आदि शामिल रहे।

## लखनऊ में लेफ्टिनेंट कर्नल की गाड़ी में ट्रक ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचा परिवार

**रत्ना**

**लखनऊ।** परिवार के साथ कार से प्रयागराज जा रहे लेफ्टिनेंट कर्नल की कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर के बाद कई बार पलटकर कार दूसरी दिशा में जा गिरी। राहगीर बचाव के दौड़े और कार सवार परिवार को बाहर निकलकर निजी अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लेफ्टिनेंट कर्नल सुबेक सिंह डिंडसा अपनी पत्नी संदीप कौर, बेटे फतेहवीर और बेटी हर नाम कौर के साथ प्रयागराज घर जा रहे थे। इस दौरान मोहनलालगंज में हाइवे पर फुलवरिया मोड़ से आगे एक रेस्टोरेंट के सामने पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी।

# पुलिस लाइन में हर्षोल्लास के साथ दमकल से खेली गई होली

### अधिकारियों और जवानों ने उत्साह से मनाया होली का पर्व, पुलिस कर्मियों ने खूब किया डांस

लोकतंत्र की आवाज





**उरई जालौन/** होली के पर्व पर जालौन के उरई स्थित पुलिस लाइन में गुरुवार को पुलिस अधिकारियों और जवानों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली मनाई। रंग, अबीर और गुलाल के साथ-साथ दमकल विभाग की गाड़ियों में भरे रंगीन पानी से खेली गई होली। ढोल-नगाड़ों और फिल्मी गीतों की धुन पर पुलिसकर्मी जमकर झूमते नजर आए, जिससे पूरे पुलिस लाइन परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दीं। इस दौरान दमकल की गाड़ियों से रंगीन पानी की बौछारें की गईं, जिसमें पुलिसकर्मी पूरी तरह रंगों में सराबोर हो गए। फिल्मी गीतों और फाग के माहौल में पुलिसकर्मी नाचते-गाते दिखाई दिए और पूरे जोश के साथ होली का आनंद लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों और जवानों को सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं / बधाई दीं। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी उरई राजीव कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद, क्षेत्राधिकारी अंबुज यादव, क्षेत्राधिकारी कालपी अवधेश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेंद्र बाजपेई भी मौजूद रहे। इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक और बड़ी संख्या में पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की खुशियां साझा कीं। अधिकारियों ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है इस दौरान पुलिसकर्मियों ने भी एक-दूसरे को बधाई देते हुए खुशी-खुशी त्योहार मनाया।

# भागूवाला चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में निकला सौहार्द का भव्य जुलूस

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट पायल कुमारी**

**नजीबाबाद।** थाना मंडावली क्षेत्र की स्वामी अवधेशानंद पुलिस चौकी भागूवाला में इस वर्ष होली का पर्व भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनकर सामने आया। चौकी इंचार्ज संजय यादव के नेतृत्व में निकला होली मिलन जुलूस पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ फूलों की होली और हिंदू समुदाय के साथ रंग-गुलाल की होली खेलकर उन्होंने गंगा-जमुनी तहजीब की सुंदर मिसाल पेश की।

**होली मिलन समारोह की शुरुआत:** स्वामी अवधेशानंद पुलिस चौकी भागूवाला से हुई, जहां से डीजे की मधुर धुनों और होली के गीतों के बीच जुलूस थाना मंडावली की ओर रवाना हुआ। आगे डीजे की गाड़ी में होली के रंगीन गीत गूंज रहे थे, जबकि पीछे चल रही गाड़ियों में चौकी इंचार्ज संजय यादव, पुलिस स्टाफ और क्षेत्र के लोग पूरे उत्साह के साथ होली के रंग में सराबोर दिखाई दिए। इस दौरान काफिले के साथ क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा अनेक गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस आयोजन में भाग लेकर भाईचारे और सौहार्द के संदेश को और मजबूत किया। जैसे ही यह काफिला ग्राम भागूवाला पहुंचा, ग्रामीणों ने फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर चौकी इंचार्ज संजय यादव तथा उनके काफिले का भव्य स्वागत किया। सबसे पहले आबिद सीमेंट वालों ने अपने साथियों के साथ पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद ग्राम प्रधान पति एहसान एडवोकेट ने अपने समर्थकों के साथ फूलों की वर्षा करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। जुलूस आगे बढ़ा तो बसपा के युवा नेता अबरार आलम एडवोकेट ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ चौकी इंचार्ज संजय यादव का फूलमालाओं से स्वागत किया और काफिले पर पुष्प वर्षा कर सम्मान प्रकट किया। इसके आगे समाजसेवी ताहिर हुसैन ने भी अपने साथियों के साथ काफिले का फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। वहीं आगे चलकर कामरेड अब्दुलहई ने अपने समर्थकों के साथ काफिले पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए भाईचारे का संदेश दिया।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जब से संजय यादव ने स्वामी अवधेशानंद चौकी का कार्यभार संभाला है, तब से उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूती से संभालने के साथ-साथ जनता के साथ अपनापन और विश्वास का रिश्ता कायम किया है। यही कारण है कि क्षेत्र की जनता उन्हें दिल से सम्मान और प्यार देती है।बताया जाता है कि पिछले वर्ष भी चौकी इंचार्ज संजय यादव ने इसी तरह फूलों और गुलाल से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया था। इस बार भी उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों के साथ मिलकर होली मनाकर एकता, प्रेम और सौहार्द का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।क्षेत्र के लोगों का कहना है कि स्वामी अवधेशानंद पुलिस चौकी भागूवाला में आयोजित यह होली मिलन समारोह आने वाले वर्षों तक याद किया जाएगा।

# रामगंगा मार्ग पर घायल गुलदार मिलने से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम भनोटी उर्फ नायरणपुर जमनीभान में गुरुवार सुबह उस समय ग्रामीणों में दहशत फैल गई, जब रामगंगा मार्ग पर एक घायल गुलदार पड़ा मिला। सुबह के समय मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे पड़े गुलदार पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना गांव के अन्य लोगों को दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि गुलदार घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ था और हिलने-डुलने की स्थिति में नहीं था। गुलदार मिलने की खबर पूरे क्षेत्र में तेजी से फैल गई, जिसके बाद आसपास के गांवों के लोग भी मौके पर पहुंचने लगे। ग्रामीणों ने एहतियात के तौर पर दूरी बनाकर रखी और तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी भी सक्रिय हो गए। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि ग्राम भनोटी उर्फ नायरणपुर जमनीभान के पास रामगंगा मार्ग पर घायल गुलदार मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। टीम मौके पर पहुंचकर गुलदार की स्थिति का जायजा लेगी तथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार गुलदार को देखने के लिए लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही थी, जिसके चलते कुछ लोगों ने भीड़ को पास न जाने की सलाह दी। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भी चर्चा रही कि गुलदार किस कारण से घायल हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि टीम के मौके पर पहुंचने के बाद ही गुलदार के घायल होने के कारणों का सही पता चल सकेगा। यदि गुलदार जीवित अवस्था में मिला तो उसे उपचार के लिए वन विभाग द्वारा सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाएगा। वहीं यदि उसकी मृत्यु हो चुकी होगी तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में वन्य जीव की मौजूदगी को लेकर चिंता भी देखी जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे मौके पर भीड़ न लगाएं और गुलदार के पास जाने का प्रयास न करें, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

# कल गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद के उपलक्ष्य में मनाई जाएगी शिवाजी की जयंती, 11 मार्च को लखनऊ में होगा गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद

लोक तंत्र की आवाज

**वाराणसी ।** गौमाता को राज्यमाता घोषित कर उत्तरप्रदेश में पूर्णतया गोकशी बंद कराने हेतु दिए गए 40 दिन के समयावधि के पूर्ण होने पर गौमाता की प्रतिष्ठा हेतु 11 मार्च को लखनऊ में होने वाले धर्मयुद्ध शंखनाद हेतु यात्रा की पूर्व संध्या पर कल 6 मार्च शुक्रवार को सायंकाल 5 बजे शंकराचार्य घाट पर परमाराध्य परमधर्माधिश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज के पावन सान्निध्य में हिंदू तिथि के अनुसार गौ ब्राह्मण प्रतिपालक छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती मनाई जाएगी।जिसके अंतर्गत लघु नाटिका, छत्रपति शिवाजी की बिरुदावली, गंगापूजन, महानुभावों के उद्बोधन एवं शंकराचार्य जी के आशीर्वचन होंगे। यह जानकारी साझा करते हुए शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि कुछ समाचारपत्रों में भूलवश गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध के शंखनाद की तिथि 12 मार्च छप गई थी।जिससे गौभक्त सनातनधर्मियों में संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई है।इस संशय को दूर करने हेतु हम लखनऊ में 11 मार्च को होने वाले गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद कार्यक्रम का पूरा विवरण एवं तिथि पुनः सुस्पष्ट ढंग से संप्रेषित कर रहे हैं जिससे कि जनसामान्य में किसी तरह की संशय की स्थिति उत्पन्न न हो।

**गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद तिथि एवं कार्यक्रम का पूरा विवरण**



**१.संकल्प दिवस(६ मार्च, चैत्र कृष्ण तृतीया):** काशी के शंकराचार्य घाट पर 'गो-ब्राह्मण प्रतिपालक' वीर शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर गंगामाता की पूजा कर वैचारिक गोप्रतिष्ठार्थ धर्मयुद्ध शंखनाद का संकल्प लिया जाएगा।

**२.प्रस्थान एवं आध्यात्मिक ऊर्जा(७ मार्च):** प्रातः ८:३० बजे श्री विद्या मठ से प्रस्थान।काशी के प्रसिद्ध संकटमोचन मंदिर में संकटमोचन हनुमानाष्टक, हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के पाठ के साथ विघ्नों के नाश की प्रार्थना कर यात्रा का श्रीगणेश होगा।

**३. यात्रा मार्ग एवं जनसभाएँ:**

ड्ट७ मार्चः जौनपुर(सभा), सुल्तानपुर (सभा)से होते हुए रायबरेली में(सभा एवं)रात्रि विश्राम।

* ८ मार्चः रायबरेली से मोहनलालगंज (सभा), लालगंज (सभा), अचलगंज(सभा) होते हुए उन्नाव में(सभा एवं )रात्रि विश्राम।

ड्ट९ मार्चः उन्नाव, बांगरमऊ (सभा), बघौली (सभा) होते हुए नैमिषारण्य में (सभा एवं) रात्रि विश्राम।

ड्ट१० मार्चःनैमिषारण्य से सिधौली(सभा), इटौंजा (सभा)होते हुए लखनऊ सीमा में प्रवेश एवं रात्रि विश्राम।

॥निर्णायक शंखनादः लखनऊ कार्यक्रम॥

ड्टतिथिः११ मार्च २०२६ (शीतला अष्टमी) समयः दोपहर २:१५ बजे( आगमन )से सायं ५:०० बजे तक

ड्टस्थानः कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक स्थल, पासी किला चौराहा, आशियाना, लखनऊ

* मुख्य आकर्षणःमंगलाचरण, गोमय गणेश पूजन, गो-ध्वज प्रतिष्ठा और'धर्मयुद्ध शंखनाद'सहित विद्वानों-सन्तों-गोभक्तों के वाग्बाण के अनुभव का अवसर होगा।सत्ता की उदासीनता गौ-भक्तों के धैर्य की परीक्षा ले रही है।११ मार्च का लखनऊ आगमन शासन की अंतिम चेतावनी सिद्ध होगा।

# उत्तराखंड भड़ाना परिवार या स्थानीय चेहरे ?मंगलौर में सियासी खींच-तान

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट आकांक्षा रानी**

**लंढौरा उत्तराखंड ।** मंगलौर विधानसभा सीट 2027 के चुनाव से पहले फिर सियासी तापमान बढ़ा रही है। सवाल सीधा है-क्या इस बार स्थानीय नेतृत्व को मौका मिलेगा, या फिर एक बार फिर ₹पैराशूट प्रत्याशी₹ पर दांव लगेगा। भाजपा से उपचुनाव लड़ चुके और हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना 2027 की तैयारी में जुटे बताए जा रहे हैं। चर्चा है कि वे दोबारा टिकट के लिए जोर लगा रहे हैं। दूसरी ओर, पार्टी कार्यकर्ताओं के एक बड़े वर्ग में यह भावना है कि वर्षों से जमीन पर काम कर रहे स्थानीय चेहरों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि भड़ाना परिवार को पहले भी पार्टी ने अवसर दिए-मंगलौर से करतार सिंह भड़ाना और पानीपत से उनके पुत्र मनमोहन भड़ाना को टिकट मिल चुका है। ऐसे में विपक्ष ही नहीं, संगठन के भीतर भी ₹परिवार पर मेहरबानी₹ की फुसफुसाहट तेज है। भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल के संभावित समीकरण भी तस्वीर बदल सकते हैं। यदि सीट साझेदारी में जाती है तो ऋष्ठ का उम्मीदवार मैदान में उतर सकता है। मंगलौर में मुस्लिम जाट सामाजिक समीकरण चुनावी नतीजों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं-और यही समीकरण बड़े-बड़े दिग्गजों को चौंका भी सकते हैं। मंगलौर की लड़ाई सिर्फ एक टिकट की नहीं, बल्कि ₹स्थानीय सम्मान बनाम केंद्रीय रणनीति₹ की भी है। 2027 में भाजपा किसे प्राथमिकता देती है-जमीनी कार्यकर्ता या स्थापित बाहरी चेहरा-यही तय करेगा कि सियासी हवा किस दिशा में बहेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रखंड मुख्यालय समेत समूचे ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्योहार होली



लोक तंत्र की आवाज

जामा । जामा थाना क्षेत्र के जामा, महारो, कैरावनी, चांदनी चौक, लक्ष्मीपुर, भैरवपुर, लकड़ा पहाड़ी, बारा पलासी, वैसा सहित विभिन्न गांवों में रंगों का त्योहार होली बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।

होली के अवसर पर गांवों में ढोलक के थाप पर पारंपरिक फगुआ गीतों की गूंज सुनाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में कलाकारों द्वारा फगुआ गीत घूमते थिरकते टोली के सदस्यों द्वारा पूरे वातावरण को होली के रंग में सराबोर कर दिया गया। वहीं कही कहीं पर युवाओं की टोली डीजे की धुन पर झूमते हुए एक–दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली का आनंद लेते नजर आयी। इस दौरान गांवों में आपसी भाईचारा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।क्षजामा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए क्षेत्र के सभी चौक–चौराहों पर पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई थी। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी भी तैनात किए गए थे। उन्होंने बताया कि प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से जामा थाना क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। थाना प्रभारी ने सभी क्षेत्रवासियों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने के लिए धन्यवाद दिया।

### भुरकुंडा गांव से एक शराबी को किया गिरफ्तार भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज
श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह

गोह (औरंगाबाद)। गोह थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव में बुधवार की दोपहर एक व्यक्ति शराब पीकर हंगामा कर रहा था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त गांव निवासी छोटे पासवान को शराब के नशे में गिरफ्तार कर थाना लाया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि भुरकुंडा गांव में पूर्व में भी छोटे मोटे विवादों को लेकर कई बार सामुहिक झड़प हुई थी। होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही थी। इसी बीच भुरकुंडा के ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब पीकर रिंकू सिंह के साथ अन्य लोगों को गाली गलौज कर रहा है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु गोह पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### रंगो का त्योहार होली , शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पूरे पीरपैंती प्रखंड में रंगों का उत्सव होली शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। होली के पूर्व पीरपैंती थाना प्रशासन ने सभी गांवों में फ्लैग मार्च किया। कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। जिसका असर यह हुआ कि पूरे प्रखंड में रंगों को तो शांतिपूर्ण वातावरण संपन्न हो गया। कही से भी अप्रिय घटना नहीं हुई।वहीं पर विधायक मुरारी पासवान के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह ऐतिहासिक रहा।इस अवसर पर विधायक ने जमकर ठुमके लगाए। भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल भी होली मिलन समारोह में शिरकत किया।लोगों से गले मिलकर होली की बधाइयां दी। दूसरी और गोराडीह गांव में सर्व ब्राह्मण समिति की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अशोक ओझा, सुमन मिश्रा , सत्यनारायण ओझा, भूलन दुबे , बबुआ दुबे, भीम ओझा,सहित सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग एकत्र हुए । शांतिपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह का आयोजन संपन्न किया।

### भागलपुर जंक्शन का डीआरएम ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर। भागलपुर जंक्शन पर मालदा डिवीजन के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में डीआरएम ने सबसे पहले स्टेशन के पार्किंग एरिया और टिकट काउंटर का निरीक्षण किया । वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली ।इसके बाद वे प्लेटफॉर्म संख्या एक पर पहुंचे ,जहां भागलपुर से आनंद विहार जाने वाली विक्रमशिला एक्सप्रेस खड़ी थी ।डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता खुद ट्रेन की बोगियों में पहुंचे और यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली ।उन्होंने यात्रियों से सफाई, सुरक्षा और स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी फीडबैक लिया। इस मौके पर डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि होली के बाद बड़ी संख्या में लोग बाहर जाते हैं, जिससे ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए भागलपुर जंक्शन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया । ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके ।निरीक्षण के दौरान रेलवे के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे और डीआरएम ने आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# शिकारीपाड़ा के लोवापाड़ा में सुरक्षा एवं पर्यावरण नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए संचालित की जा रही पत्थर खदान

## आरईओ सड़क से महज 1-2 मीटर की दूरी पर किया जा रहा खनन, विस्फोटक के इस्तेमाल से कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका

लोक तंत्र की आवाज



**शिकारीपाड़ा ।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा अंचल क्षेत्र में संचालित कुछ पत्थर खदान के संचालन में सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा | क्षेत्र में कुछ पत्थर खदानों में पत्थर का अवैध उत्खनन जारी है। अधिकांश पत्थर खदानों के निकट पत्थर खदान लीज संबंधित सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है जो पार्दर्शिता के नियमों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कहा जा सकता है और ना ही खान सुरक्षा अधिनियम के तहत सुरक्षा की कोई व्यवस्था है।

इतना ही नहीं लीज जारी होने से पूर्व फर्जी ग्रामसभा कर ऐसी जगह पर पत्थर खदान उत्खनन की अनुज्ञप्ति ले ली गई है जिसमें किसी प्रकार का नियम का पालन न करते हुए गांव से काफी निकट तथा सड़क से सटे पत्थर खदान का अनुज्ञप्ति जारी किया गया है, जिसके कारण आए दिन ग्रामीणों का विरोध देखने को मिल रहा है। दुमका रामपुरहाट राष्ट्रीय उच्च पथ के सिमानीजोर से सालबोना पहाड़ तक निर्मित प्रधानमंत्री सड़क का अस्तित्व भी लोवापाड़ा स्थित पत्थर खदान के कारण खतरे में पड़ गया है | यह खदान किसकी है ग्रामीणों से पूछना पड़ता है, क्योंकि पत्थर खदान के निकट सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है | काफी प्रयास के बाद पता चला कि यह खदान दुमका के पी डी झा के नाम से स्वीकृत है| इसकी समय अवधि 29 जनवरी 2025 से 28 जनवरी 2030 तक है। इतना ही नहीं उक्त प्रधानमंत्री सड़क से जो की आदिम जनजाति के लोगों की सुविधा को ख्याल में रखते हुए सरकार द्वारा निर्मित कराया गया है जान हथेली पर लेकर गुजरना पड़ता है, क्योंकि इस खदान में कब बारूद का विस्फोट कर दिया जाएगा जिससे घायल होकर जान तक चली जाएगी यह कहना मुश्किल हैं| ग्रामीणों के मुताबिक विस्फोट की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। इससे कुछ ही दूरी पर गंगा जल परियोजना के तहत विशाल पानी टंकी बनाई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिसको लेकर विभागीय अभियंताओं द्वारा उपायुक्त दुमका को पत्र लिखकर निकटवर्ती पत्थर खदानों में विस्फोट पर रोक लगाने की मांग की गई है। सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता प्रकाश चंद्र गंधर्व ने उपायुक्त दुमका को पत्र लिखकर लोवापाड़ा एवं सालबोना में खनन एवं पर्यावरण नियम को ताख पर रखकर नियम विरुद्ध तरीके से अंचल अधिकारी की संलिप्तता से खदान लीज आवंटित कराने का आरोप लगाते हुए जांच कर उचित कर कार्रवाई की मांग की है।

प्रकाश चंद्र गंधर्व के आवेदन पर उपायुक्त दुमका ने पत्र अंकित 140/गो दिनांक 16. 1.2026 द्वारा अपर समाहर्ता दुमका को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश जारी किया है। लोवापाड़ा में प्रधानमंत्री सड़क से सटकर पी डी झा द्वारा पत्थर खदान संचालित करने एवं उसे सड़क को खतरा उत्पन्न होने को लेकर कार्यपालक अभियंता आरईओ सुशील कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है| सड़क से सटाकर कभी भी पत्थर खदान संचालित नहीं किया जा सकता है। मैं विभाग के कनीय अभियंता से इसकी जांच कराकर सड़क सुरक्षा को बहाल करने के लिए उचित कदम उठाऊंगा।यहां बता दें कि खनन विभाग द्वारा लीज आवंटन में एक स्पष्ट प्रावधान है कि सड़क से 7.5 मीटर की दूरी तक ही खनन कार्य करना है लेकिन ऐसा धरातल पर नहीं दिखाई देता | कुछ पत्थर खदान तो सड़क से एक मीटर की दूरी पर खनन कार्य कर रहे हैं जो सुरक्षा नियमों का मजाक कहा जा सकता है | बहरहाल आगे देखना दिलचस्प होगा कि संबंधित विभाग इस बड़े और संवेदनशील मामले में क्या कार्रवाई करता है |

■ **खदान लीज से संबंधित सूचना पट्ट भी नदारद, सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाया नियम विरुद्ध खदान का लीज आवंटित करने का आरोप**

# आग ने मचाई तबाही , लोगों ने मुश्किल बुझाया आग

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के परशुरामपुर पंचायत में गुरुवार को लगी भीषण आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज और भयावह थीं कि देखते ही देखते दो घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना के दौरान ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर आग बुझाने में जुट गए।

जानकारी के अनुसार पंचायत के विद्यानंद यादव और नारद यादव का फूस और चचरी से बना घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। आग लगने के कारण दोनों परिवारों का घर में रखा दैनिक उपयोग का सामान, अनाज, कपड़ा, बर्तन सहित अन्य जरूरी सामग्री भी जलकर राख हो गया। अचानक हुई इस घटना से दोनों परिवारों को भारी आर्थिक क्षति हुई है।



घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया पवन यादव तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।काफी देर तक ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका, जिससे आसपास के अन्य घरों को बचा लिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा और सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि आग से प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

# दुमका प्रखंड के गरडी गांव में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया तीन दिवसीय बाहा पर्व, उमड़ा आस्था का जनसैलाब

लोक तंत्र की आवाज



**दुमका।** सदर प्रखंड दुमका के गरडी गांव में ग्रामीणों द्वारा अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को बाहा पर्व मनाया गया मनाया गया।बाहा पर्व तीन दिनों तक मनाया जाने वाला पारंपरिक आदिवासी पर्व है। इसके प्रथम दिन को जाहेर दाप माह, द्वितीय दिन को बोंगा माह तथा तृतीय एवं अंतिम दिन को शरदी माह कहा जाता है।

इस अवसर पर ग्रामीण गांव के नायकी(पुजारी) को उनके आंगन से पारंपरिक नृत्य-गान के साथ जाहेर थान तक लेकर गए। वहां पहुंचने के बाद नायकी ने बोंगा दारी (पूज्य वृक्ष) सारजोम (सखुआ) पेड़ के नीचे स्थित पूजा स्थलों का गोबर और जल से शुद्धिकरण किया, जिसे गेह-गुरिह कहा जाता है। इसके पश्चात सिंदूर एवं काजल अर्पित कर मातकोम (महुआ) तथा सारजोम (सखुआ) के फूल चढ़ाए गए और जाहेर ऐरा, मारांग बुरु, मोड़ेकू-तुरुयकू, धोरोम गोसाई आदि इष्ट देवी-देवताओं के नाम पर विधिवत बलि दी गई।ग्रामीणों ने इष्ट देवी-देवता जोहार गोसाई मरांग बुरु,जोहार गोसाई जहेर ऐरा और सगुन बाहा पोरोब के नारे से गुज उठा जाहेर था।पूजा-अर्चना के बाद तुन्दाह और टमाक की थाप पर पारंपरिक बाहा नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए। नृत्य समाप्ति के बाद सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने नायकी को पुनः नाच-गान के साथ गांव वापस लाया। गांव पहुंचने पर नायकी ने प्रत्येक घर में जाकर सारजोम (सखुआ) का फूल प्रदान किया। घर के सदस्यों ने नायकी के सम्मान में उनके चरण धोए तथा फूल प्राप्त कर एक-दूसरे पर सादा पानी डालकर पर्व की खुशियां साझा की। नायकी द्वारा दिया गया फूल पुरुष ने अपने कान में तथा महिलाओं ने बालों के जूड़े में धारण किया।

तृतीय एवं अंतिम दिन शरदी माह के अवसर पर सभी ग्रामीणों ने प्रातःकाल से ही एक-दूसरे पर सादा पानी डालकर बाहा पर्व का आनंद लिया तथा एक-दूसरे के घर जाकर सामूहिक भोजन किया। इस पावन अवसर पर मांझी बाबा मंत्री मुर्मू, नायकी बाबा सनातन किस्कू,गुडित बाबा गायना मुर्मू, पराणिक बाबा गायना मुर्मू, जोग मांझी बाबा देवीधन मुर्मू ,स्टेफन मुर्मू, मीनू टुडू,मानेसोल मरांडी,शिवलाल मुर्मू, खैतिश सोरेन, फ्रांसिस किस्कू,संजीव मुर्मू, सुमन किशोर टुडू के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भोजपुर में धान अधिप्राप्ति की समीक्षा, 48 घंटे में भुगतान का निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**आरा/भोजपुर।** गुरुवार को जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स (खाद्यापूर्ति) से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति एवं उससे संबंधित प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा अवगत कराया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में जिले के 196 पैक्सों एवं 09 व्यापार मंडलों के माध्यम से अब तक कुल 205 किसानों से धान का संग्रहण किया जा चुका है।साथ ही सभी किसानों को सीएमआर के विरुद्ध क्रेडिट उपलब्ध करा दिया गया है।



उन्होंने बताया कि अब तक कुल 118592.159 मीट्रिक टन अधिप्राप्त धान के विरुद्ध 81449.09 मीट्रिक टन (2809 लॉट) समतुल्य सीएमआर तैयार किया गया है, जिसके आलोक में 29986 मीट्रिक टन (1034 लॉट) सीएमआर राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति की जा चुकी है।यह कुल तैयार सीएमआर का लगभग 36.82 प्रतिशत है। बैठक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी किसानों को 48 घंटे के भीतर शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, भोजपुर को निर्देशित किया गया कि एफसीआई एवं सीडब्ल्यूसी के गोदामों में सीएमआर के सुचारू उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।बैठक में उप विकास आयुक्त, भोजपुर, अपर समाहर्ता, भोजपुर, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भोजपुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, भोजपुर, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, भोजपुर, शाखा प्रबंधक सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, भोजपुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जनजातीय क्षेत्रों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं हो रहा है प्रभावी प्रचार-प्रसार

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के जनजातीय क्षेत्रों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से गोकुलपुर ग्राम पंचायत, मदारगंज जफरा ग्राम पंचायत तथा सनोखर क्षेत्र में पूजा ग्रुप, नौबतपुर के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की "सरकार के साथ निश्चय–3", विभिन्न पेंशन योजनाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों तक सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुँचाना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने योजनाओं के लाभ, पात्रता की शर्तें, आवेदन की प्रक्रिया तथा योजनाओं से मिलने वाले सामाजिक एवं आर्थिक लाभ को जीवंत अभिनय के जरिए प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति स्थानीय भाषा एवं संवाद शैली में की गई, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी सहज रूप से समझ में आई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लिया। दर्शकों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ कार्यक्रम को देखा और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने यह संदेश भी दिया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र व्यक्ति समय पर आवेदन करें तथा किसी प्रकार की अफवाह या गलत जानकारी से बचें। इस प्रकार के सांस्कृतिक माध्यमों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने से जनजातीय क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। प्रशासन द्वारा बताया गया कि आगामी दिनों में भी जिले के अन्य जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में इसी प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# गोह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मना होली

लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में रंगों का त्योहार होली सम्पन्न हो गया। गांव की गलियों में सुबह से ही किचड़ और धुल की मस्ती में नौजवान व बुजुर्गों की टोली घुमती रही। वहीं शाम के समय गांव की धार्मिक स्थलों से पारम्परिक होली गीतों की शुरुआत की गई।

ग्रामीण क्षेत्र के लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले और भाईचारे का संदेश स्थापित किया। गांव के विभिन्न चौक चौराहों पर रंगों की बौछार व होली गीतों की सूर में लोग झूमते नजर आए। मीठी पकवान और भांग की बनी व्यंजनों से लोग मद मस्त रहें। विभिन्न स्थानों पर राधा कृष्ण की झांकियां निकाली गई। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की गश्ती दल घुमते रहें। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे। होली में सरकार की शराबबंदी कानून विफल रही। मांस और मछली की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही ।गांव व शहर की गलियां होली गीतों से गुंजायमान रही। वहीं अपने घर पहुंचे प्रवासियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।



# डीएम ने छातापुर प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण:बीडीओ-सीओ समेत 14 कर्मचारी गायब, 2 की बर्खास्तगी शुरू, वेतन कटौती का आदेश

लोकतंत्र की आवाज

**सुपौल।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी सावन कुमार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं डीएम सावन कुमार गुरुवार को अचानक छातापुर प्रखंड सह अंचल तथा मनरेगा कार्यालय पहुँचे। डीएम के इस औचक निरीक्षण की खबर मिलते ही प्रखंड कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।कई कर्मचारी जल्दीबाजी में कार्यालय पहुंचने की कोशिश करते दिखे। जबकि कई पहले से ही गायब मिले। निरीक्षण के दौरान डीएम सावन कुमार ने सभी कार्यालय की उपस्थिति पंजी विभिन्न योजनाओं से संबंधित अभिलेख फाइलों की स्थिति और कार्य प्रणाली की बारीकी से जांच की। उस दौरान बीडीओ सीओ सहित 14 पदाधिकारी एवं कर्मी अनुपस्थित मिले। इस पर डीएम सावन कुमार ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकारी कार्यालय में समय पर उपस्थित रहना और आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना अधिकारी व कर्मियों की प्राथमिकता जिम्मेदारी है, डीएम सावन कुमार ने मौके पर ही संबंधित पदाधिकारी से अनुपस्थित कर्मियों के बारे में जानकारी दी और स्पष्ट किया की बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले सभी कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम सावन कुमार में दो टूक में कहा कि सरकारी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताया जा रहा है कि निरीक्षण के दौरान दो कर्मियों की लगातार अनुपस्थित और लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उनकी बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे और जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस बाबत डीएम सावन ने बताया कि मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी ने 6 और 7 मार्च को छुट्टी के लिए आवेदन दिया है लेकिन वे 5 मार्च से ही कार्यालय से गायब है जो कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही है। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यालय में कई तरह की विसंगतियां पाई गई है। बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले बीडीओ और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के खिलाफ प्रपत्र 'क' गठित कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वही संविदा लिपिक रामनारायण झा और रतन कुमार को सेवा से मुक्त करने का पत्र गुरुवार शाम तक जारी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पूजा कुमारी समेत कई ऑपरेटर को भी बर्खास्त किया जाएगा।



■ **डीएम साहब हो तो ऐसा, जिले की कमान संभालते ही ताबड़तोड़ निरीक्षण, नाम सुनकर हांफने लगते हैं अधिकारी-कर्मचारी**

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः रामगढ़वा पुलिस ने 9 पैकट स्मैक जैसा मादक पदार्थ समेत तस्कर गिरफ्तार



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** रामगढ़वा थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़वा थानांतर्गत रामगढ़वा बाजार में किराए के रूम लेकर रह रही समसीदा खातून पति शेख कमरुद्दीन ग्राम सरसिया मॉल थाना नकरदेई जिला पूर्वी चंपारण एवं उनके पुत्र दिलशाद पिता शेख कमरुद्दीन को
1.9 पैकेट स्मैक जैसा मादक पदार्थ प्रत्येक का वजन 50 ग्राम कुल वजन 458 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ
2.स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के नेशन ट्रांजिट कार्ड
3.स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शॉपिंग कार्ड। 4.बैंक ऑफ़ बड़ौदा का एटीएम कार्ड 5.आधार कार्ड,6.पेन कार्ड
7.स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास बुक के साथ गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस ने कहा कि अवैध तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलता रहेगा।

### मोतिहारीः पकड़ीदयाल पुलिस ने विभिन्न कांडों में तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।**
पकड़ीदयाल थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष अशोक साह ने जानकारी देते हुए बताया कि अंजली देवी हत्या मामले में ग्राम सिसहनी निवासी अर्जुन के पिता विजय साह को गिरफ्तार किया गया है। वहीं शराब सेवन के आरोप में सुमन कुमार (पिता दिलीप शाह) तथा बबलू कुमार (पिता सतेंद्र सिंह) को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया,जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गौनाहा के मटिहानी में मिश्रा ट्रेडर्स का हुआ भव्य उद्घाटन



**संवाददाता मेराज आलम**
बेलसंडी पंचायत स्थित मटिहानी में गुरुवार को मिश्रा ट्रेडर्स का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन-अर्चन और वैदिक मंत्रोच्चारण से हुई। इसके उपरांत माधोपुर मुखिया मंजुला मिश्रा ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। उद्घाटन के दौरान स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मिश्रा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर रवि कुमार मिश्रा उर्फ राजा मिश्रा ने सभी आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। आगे उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठान क्षेत्रवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर खोला गया है।और प्रतिष्ठान से 5 किलोमीटर की दूरी तक कोई भी सामग्री पहुंचाने का भाड़ा मेरे द्वारा नहीं लिया जाएगा।वही इसको लेकर स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। वही इस प्रतिष्ठान में उच्च गुणवत्ता वाले भवन निर्माण सामग्री गिट्टी , बालू,सरिया,सीमेंट एवं खाद के अलावा पेंट तथा पोलबर टंकी आदि उपलब्ध रहेंगे। प्रतिष्ठान के खुलने से ग्रामीणों को अब आवश्यक सामग्री के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। एडवोकेट कृष्णा महतो ने कहा कि ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खुलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। समारोह में पहुंचे अतिथियों ने प्रोपराइटर की पहल की सराहना करते हुए आगे बढ़ने की कामना की। भव्य उद्घाटन के साथ क्षेत्र में विकास और सुविधाओं की नई उम्मीद जगी है।वही इस मौके पर विनोद मिश्रा, शंकर साह, भिखारी खान, मनोज यादव, पूनम शर्मा, सोनू मिश्रा, वीरेंद्र काजी, रामेश्वर शर्मा, बलिराम शर्मा, उदय शर्मा सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 3 साल के मासूम को कुचला, मौके पर मौत

**रामनगर थाना क्षेत्र के आर्य नगर वार्ड 25 की घटना, चालक वाहन समेत फरार; पुलिस जांच में जुटी**



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बाघा पुलिस जिला के रामनगर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घर के दरवाजे पर खेल रहे बच्चे को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।
घटना की सूचना मिलते ही बिहार पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अज्ञात वाहन और चालक की पहचान करने में जुटी हुई है। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

**घर के बाहर खेल रहा था मासूमः** मिली जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र के आर्य नगर वार्ड संख्या 25 निवासी सोनू कुमार का तीन वर्षीय बेटा लक्की कुमार बुधवार शाम करीब 5 बजे अपने घर के दरवाजे के सामने खेल रहा था। परिजन अपने-अपने काम में व्यस्त थे और बच्चा घर के सामने ही खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहा एक अज्ञात वाहन अचानक वहां पहुंचा और बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। चालक ने न तो वाहन को धीमा किया और न ही टक्कर के बाद रुकने की कोशिश की।

**टक्कर के बाद मौके से फरार हुआ चालकः** बताया जा रहा है कि टक्कर लगते ही बच्चा सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। बच्चे को खून से लथपथ हालत में देखकर सभी घबरा गए।

लोगों ने तुरंत उसे इलाज के लिए ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पूरे इलाके में छाया मातमः** इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन गुजरते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर वाहनों की रफ्तार नियंत्रित कराने और सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है।

मासूम लक्की कुमार की असमय मौत से पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। पड़ोसी और रिश्तेदार लगातार परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

**पुलिस कर रही जांचः** घटना की जानकारी मिलते ही रामनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। रामनगर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत हुई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वाहन और चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गौ तस्कर समझ युवक की पिटाई, वीडियो वायरल होने से मामला गरमाया; निष्पक्ष जांच की मांग



**लोकतंत्र की आवाज**

**नौतन।** गौ तस्कर समझकर एक युवक की पिटाई कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और पीड़ित पक्ष द्वारा प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है पीड़ित की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के खड्डा पंचायत अंतर्गत कुजलही निवासी शेख नन्हे के रूप में हुई है, जबकि आरोपी की पहचान पांडे टोला निवासी विकास दुबे के रूप में की गई है पीड़ित शेख नन्हे ने बताया कि वह एक बछड़ा पालने के उद्देश्य से ले जा रहा था। इसी दौरान विकास दुबे ने उसे रोक लिया, नाम पूछने के बाद उसकी पिटाई की और घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया घटना की जानकारी मिलने के बाद राजद के युवा नेता इरशाद आलम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास दुबे जैसे उपद्रवी तत्व दो समुदायों के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश करते हैं और आपसी भाईचारे को बिगाड़ना चाहते हैं उन्होंने कहा, ''हम सभी यहां हिंदू-मुस्लिम आपस में भाई-भाई हैं। हमें प्रशासन पर पूरा भरोसा है कि निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर अविलंब कार्रवाई की जाएगी। यदि मामले में किसी प्रकार की लीपापोती हुई तो यह मुद्दा विधानसभा तक ले जाया जाएगा वहीं मौके पर पहुंचे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष डॉ. अब्बुलैस हसन ने कहा कि क्षेत्र गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की ग्रामीणों ने बताया कि मामले में नौतन थाने में आवेदन दे दिया गया है। उनका यह भी कहना है कि आरोपी पूर्व में भी इस तरह की घटना को अंजाम दे चुका है थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के उपरांत दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी जिद पर अंडे लोग शेख आलम रफी आलम शेख अली इमाम मोहम्मद सोहेल शेख अनीश शहाबुद्दीन शेख अली अहमद मोहम्मद असरफ शेख इशराफिल शेख साजिद मौजूद रहे।

## गौनाहा प्रखंड के बेलसंडी में तीन दिनों से नल जल का पानी नहीं मिलने से लोग परेशान



**लोकतंत्र के आवाज गौनाहा**

**संवाददाता मेराज आलम**
गौनाहा प्रखंड क्षेत्र के बेलसंडी पंचायत के वार्ड संख्या 01 बेलसंडी गांव में तीन दिनों से नल जल से पानी नहीं मिलने से लोग आक्रोशित है। वहीं आक्रोशित लोगों ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा नल जल में ताला मार दिया गया है। जिससे तीन दिनों से पानी की आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। वही को लेकर जब दूसरे पक्ष से बात की गई जिन लोगों के द्वारा ताला मारा गया है। उनलोगों ने बताया कि हम लोगों के निजी जमीन में पानी का बहाव हो रहा है जिससे काफी परेशानी हो रही है इसको लेकर मुखिया व अंचल में कई बार शिकायत की गई लेकिन इसका स्थाई निदान नहीं निकल पाया इसी को लेकर हम लोगों के द्वारा ताला मार दिया गया है। वही इस संबंध में मुखिया शम्भू राउत से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है इसीलिए यह समस्या उत्पन्न हो रही है। इसको लेकर जब अंचलाधिकारी विवेक कुमार सिंह से बातचीत करने की प्रयास की गई तो उनसे संपर्क नही हो पाया।

## क्रिकेट खेलने को लेकर दो समुदायों में विवाद, मारपीट में कई घायल, डबखरिया गांव में बढ़ा तनाव, पांच आरोपी हिरासत में, शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
पूर्वी चंपारण जिला के नौतन थाना क्षेत्र के डबखरिया गांव में बच्चों के क्रिकेट खेलने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नौतन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों का उपचार कराया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

**क्रिकेट खेलने के दौरान शुरू हुआ विवादः** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सुबह बच्चों के क्रिकेट खेलने के दौरान गेंद एक पक्ष की फसल में चली गई, जिससे फसल को नुकसान पहुंचा। इसी बात को लेकर एक पक्ष की महिलाओं ने दूसरे पक्ष की महिलाओं को चेतावनी दी। इसके बाद दोनों पक्षों के परिजन और पुरुष सदस्य भी मौके पर पहुंच गए और विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। इस घटना में दोनों समुदायों के कई लोग घायल हो गए। हालांकि पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया।

**एसडीएम और एसडीपीओ ने लिया जायजाः** घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन भी सक्रिय हो गया। ई३३ॅ के एसडीएम और सदर-2 के एसडीपीओ ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। दोनों पक्षों के बीच शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। एहतियात के तौर पर गांव में मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**पांच आरोपी हिरासत मेंः** पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने के फैसले से जदयू कार्यकर्ताओं में निराशा, कैमरे के सामने भावुक हुए हरसिद्धि प्रभारी राकेश सिंह



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमारके राज्यसभा जाने के फैसले को लेकर बगहा क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकर्ताओं में निराशा देखी जा रही है। जिले के कई जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय पर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। इस संबंध में जदयू के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व हरसिद्धि विधानसभा प्रभारी राकेश सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह फैसला एक युग के समाप्त होने जैसा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि ''पचीस से तीस फिर से नीतीश'' के नारे के साथ सरकार बनी थी, लेकिन अब उनके राज्यसभा जाने की चर्चा से कार्यकर्ताओं में मायूसी का माहौल है। राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपना कार्यकाल पूरा करना चाहिए था। अपनी बात रखते हुए वे कैमरे के सामने भावुक हो गए और उनके आंखों से आंसू छलक पड़े।

**बिहार के विकास को दी नई गतिः** राकेश सिंह ने मुख्यमंत्री के कार्यकाल को बिहार के इतिहास में स्वर्णिम पृष्ठ के रूप में दर्ज किए जाने योग्य बताया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में राज्य के विकास को नई दिशा और गति दी तथा बिहार को 'जंगलराज' की छवि से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाया और राज्य के आधारभूत ढांचे को मजबूत किया। उनके लंबे राजनीतिक जीवन में विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन पर कभी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

**निशांत कुमार को राजनीति में सक्रिय करने की मांगः** राकेश सिंह ने कहा कि इतना लंबा और बेदाग राजनीतिक सफर बहुत कम नेताओं को नसीब होता है। जदयू कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के योगदान को हमेशा याद रखने की बात कही है। साथ ही कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के पुत्र नीतीश कुमार को भी राजनीति में सक्रिय भूमिका देने की मांग की है, ताकि वे अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा सकें।

## मोतिहारी में होली शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न,एसपी स्वर्ण प्रभात ने दीं थी कड़ी चेतावनी,डीजे और अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने होली के त्यौहार को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थें। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि शांति और सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस बेहद सख्त रुख अपनाएगी। जिले के सभी थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कर आम जनता से सहयोग की अपील की भी गई थी। एसपी ने कड़े शब्दों में कहा था कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी और इसका उल्लंघन करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जारी निर्देशों में यह भी कहा गया था कि अश्लील गाने बजाने वाले या अश्लीलता प्रदर्शित करने वाले आर्केस्ट्रा संचालकों को भी बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को विशेष निगरानी रखने और त्वरित एक्शन लेने का आदेश दिया गया था। नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान भी खूब तेज रहा, जिसमें शराब और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी या सेवन करने वालों को सीधे जेल की हवा खानी पड़ी। पुलिस इस बार युद्ध स्तर पर छापेमारी और चेकिंग अभियान चला रही थी। वहीं सोशल मीडिया की गतिविधियों पर भी प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई थी। एसपी स्वर्ण प्रभात ने चेतावनी दी थी कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करें। असामाजिक तत्वों द्वारा फैलाए जाने वाले भ्रम या नफरत भरे संदेशों पर पुलिस तकनीकी सेल के माध्यम से कड़ी नजर बनाई हुई थी। और दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर, सलाखों के पीछे भेजना था। पुलिस का लक्ष्य रहा कि जिले के सभी नागरिक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगों का यह उत्सव मना सकें।

# पूर्वी चंपारण में औद्योगिक क्रांति की तैयारी, 2000 एकड़ में इंडस्ट्रियल एरिया विकसित करने का प्रस्ताव



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
मोतिहारी धान,गेहूं और गन्ने की खेती के लिए पहचान रखने वाला पूर्वी चंपारण अब औद्योगिक क्षेत्र के रूप में उभरने की तैयारी में है। राज्य सरकार की पहल से जिले में उद्योगों की स्थापना की उम्मीदें तेज हो गई हैं। पूर्वी चंपारण में करीब दो हजार एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। सरकारी निर्देश के आलोक में प्रारंभिक चरण में करीब 700 एकड़ भूमि का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। शेष भूमि को भी चिन्हित कर जल्द प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया चल रही है। यदि सभी प्रस्तावों को मंजूरी मिल जाती है तो जिले की आर्थिक तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है।बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग स्थापना को लेकर जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसमें सबसे अधिक भूमि रामगढ़वा प्रखंड के अंतर्गत आती है। इसमें अहिरौलिया में 560 एकड़, कन्ना में 25 एकड़ और हरदिया में 80 एकड़ भूमि शामिल है। बताया गया है कि यह सभी भूमि बेतिया राज की है। सरकार स्तर से सहमति मिलने के बाद इन क्षेत्रों को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**पलायन पर लगेगी रोकः** बियाडा के अधिकारी लक्ष्मण कुमार ने बताया कि राज्य सरकार से स्वीकृति मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र के विकास का कार्य तेज कर दिया जाएगा। यहां छोटे और बड़े उद्योगों की स्थापना की योजना है, जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।उद्योग लगने से उन लोगों को सीधा लाभ मिलेगा जो रोजगार की तलाश में बाहर के राज्यों में पलायन करते हैं। स्थानीय स्तर पर काम मिलने से न सिर्फ पलायन रुकेगा, बल्कि जिले की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

**फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को प्राथमिकताः** बताया गया कि प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे स्थानीय कृषि उत्पादों को बाजार मिलेगा और तैयार उत्पादों की बिक्री स्थानीय स्तर के साथ-साथ बाहरी बाजारों में भी आसानी से की जा सकेगी। इससे किसानों और उद्यमियों दोनों को लाभहोगा और पूर्वी चंपारण औद्योगिक नक्शे पर नई पहचान बना सकेगा।

## अंसारी टोला में युवाओं ने कराया सामूहिक इफ्तार, भाईचारे और सौहार्द का दिया संदेश

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा (पश्चिमी चंपारण)।** रमजान के पाक महीने के अवसर पर बगहा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 30 स्थित अंसारी टोला में स्थानीय युवाओं की पहल पर सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इफ्तार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और रोजेदारों के साथ इफ्तार कर एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। आयोजन अंसारी टोला के युवाओं के सहयोग से किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों और समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रोजा खोलने के बाद सभी लोगों ने एक साथ बैठकर दुआ की और क्षेत्र में अमन, शांति तथा खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर तजम्मुल अंसारी, नेजामुद्दीन अंसारी, शाहवेज आलम, हारीश अंसारी, शाहीद अंसारी, जावेद आलम, फिरोज अंसारी, जमालुद्दीन अंसारी, जुगनू सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि रमजान का महीना दया, सहयोग और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इसी उद्देश्य से सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, ताकि लोग एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार करें और समाज में प्रेम व सद्भाव को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने आपस में मुलाकात कर क्षेत्र के विकास और सामाजिक सहयोग के मुद्दों पर भी चर्चा की। स्थानीय लोगों ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक माहौल बनाते हैं और विभिन्न समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सतरस पुल के पास बाइक अनियंत्रित, युवक की मौत; एक घायल

**सहरसा संवादाता।**
बलवाहाट थाना क्षेत्र के अंधरी बलवाहाट सड़क मार्ग पर सतरस पुल के समीप सोमवार शाम को एक बाइक सवार युक्क की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे साथी युक्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए।मृतक की पहचान भोटिया गांव वार्ड संख्या 1 निवासी मोती सादा के 20 वर्षीय पुत्र सुमोद कुमार के रूप में हुई है। जख्मी अजय सादा (19 वर्ष) उसी गांव का रहने वाला है। दोनों कारू बाबा स्थान पर पूजा-अर्चना करने के बाद घर लौट रहे थे, तभी सतरस पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गईलवाहाट 112 पुलिस टीम ने जख्मी अजय को सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर पहुंचे धनाध्यक्ष राजू कुमार ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मुक्तक की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। पत्नी आरती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

### रंगो का त्योहार होली , शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न



**केदार नाथ पाण्डेय।**
**पीरपैंती।** पूरे पीरपैंती प्रखंड में रंगों का उत्सव होली शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। होली के पूर्व पीरपैंती थाना प्रशासन ने सभी गांवों में फ्लैग मार्च किया। कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। जिसका असर यह हुआ कि पूरे प्रखंड में रंगों को तो शांतिपूर्ण वातावरण संपन्न हो गया। कही से भी अप्रिय घटना नहीं हुई।वहीं पर विधायक मुरारी पासवान के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह ऐतिहासिक रहा।इस अवसर पर विधायक ने जमकर ठुमके लगाए। भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल भी होली मिलन समारोह में शिरकत किया।लोगों से गले मिलकर होली की बधाइयां दी। दूसरी और गोराडीह गांव में सर्व ब्राह्मण समिति की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अशोक ओझा, सुमन मिश्रा , सत्यनारायण ओझा, भूलन दुबे , बबुआ दुबे, भीम ओझा,सहित सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग एकत्र हुए । शांतिपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह का आयोजन संपन्न किया।

### साहोपुर व खरौन्ध गांव में मारपीट, नौ लोग जख्मी



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** सिरदला थाना क्षेत्र के खानपुरा पंचायत के साहोपुर गांव तथा धीरौंद पंचायत के खरौन्ध गांव में अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में कुल नौ लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में कराया गया। जानकारी के अनुसार साहोपुर गांव में दुकान बंद रहने के कारण सामान नहीं देने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट की घटना हो गई, जिसमें रामचंद्र राजवंशी, संजय राजवंशी, दौलत कुमार, शीला देवी और बेबी देवी जख्मी हो गए। घायलों को परिजनों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया, जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ. शुभम कुमार ने सभी का उपचार किया। इस मामले में राजन पंचायत के अहमदी गांव के दर्जनों लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इधर धीरौंद पंचायत के खरौन्ध गांव में भी आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में केदार यादव, विकास कुमार, गीता देवी और प्रियंका कुमारी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में किया गया। दोनों घटनाओं की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सिरदला थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सहरसा : शराब व स्मैक के खिलाफ सघन छापेमारी, चार गिरफ्तार



**सहरसा संवादाता**
सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र में होली पर्व को शांतिपूर्ण संफा कराने के उद्देश्य से पुलिस ने अवैध रराव एवं सूखे नशे के विरुद्ध सघन अभियान चलाया। सोनवर्षा राज धना पुलिस द्वारा विभिर गांवे में की गई छापेमारी के दौरान देशी विदेशी शराब तथा 1.40 ग्राम स्मैक के साथ कुल चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने स्मैक बिक्री की लगभग 13,50 रुपये की राशि भी बरामद की है। साध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थ ने व्ताया कि देहद पंचायत अंर्गत मौहनपुर बहियार में छापेमारी कर देशी शराब बनाने के उपकरण, 35 लीटर तैयार देशी शराब एवं लगभग 100 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को नष्ट किया गया। वहीं पदमपुर गांव निवासी गुलशन कुमार के घर से 375 एमएल की 21 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में विराटपुर स्थित चंडिका मंदिर के समीप से 1.40 ग्राम स्मैक के साथ जम्महरा गांव निवासी सुशील यादव, भवरा गांव निवासी सुशील यादव तथा अनिस कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गरा है। पुलिस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# बिहारशरीफ : एकंगरसराय में मुखिया प्रतिनिधि के घर फायरिंग, चार गिरफ्तार





**लोक तंत्र की आवाज**

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय थाना क्षेत्र के अमनारखास पंचायत में बुधवार की रात मुखिया प्रतिनिधि के घर पर फायरिंग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस की तत्परता से मौके से दो आरोपितों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि पूछताछ के आधार पर दो अन्य को भी वाहन सहित दबोचा गया।थानाध्यक्ष एकंगरसराय थाना को 04 मार्च की रात करीब 9:45 बजे अमनारखास पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विद्यानंद प्रसाद द्वारा सूचना दी गई कि पूर्व के विवाद को लेकर कुछ बाहरी लोग उनके घर पर आकर फायरिंग कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल गश्ती दल को मौके पर भेजा।छापेमारी के दौरान घटना को अंजाम देने पहुंचे दो लोगों दिनानाथ यादव एवं चंदन यादव , दोनों पिता सुरेंद्र यादव, निवासी अलीपुर, थाना सालिमपुर, जिला पटना को अवैध आग्नेयास्त्र एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।दोनों से पूछताछ और स्वीकारोक्ति के आधार पर पुलिस ने संतोष कुमार पिता योगेंद्र प्रसाद, निवासी भदरूडीह थाना नगरनौसा, जिला नालंदा तथा अजीत कुमार , पिता सुरेश राम, निवासी सैरापर थाना चंडी, जिला नालंदा को एक पिकअप एवं स्कॉर्पियो वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध एकंगरसराय थाना कांड संख्या 47/26 दर्ज किया है।पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त दिनानाथ यादव के विरुद्ध पूर्व में हत्या एवं शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। अन्य आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# सीएम हाउस के बाहर भयंकर बवाल, नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने का जबर्दस्त विरोध




**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता विनोद प्रसाद**
पटना, अभी होली की चमक पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुई है, इसी बीच बिहार के राजनीति में एक बहुत बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने का जमकर विरोध हो रहा है जिसे लेकर जदयू क कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर भयंकर बवाल मचाया।

दरअसल जब से नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की खबरें मिली है, तब से लगातार इस तरह का विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। भारी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं ने सीएम हाउस के बाहर जमकर नारेबाजी करनी शुरू की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है और आगे भी रहेंगे। अगर कोई इसके पीछे साजिश करना चाहता है तो इस साजिश को नाकाम किया जाएगा। जदयू कार्यकर्ताओं को यह भी लग रहा है कि सीएम नीतीश को बिहार से बाहर भेजने के लिए उनके खिलाफ साजिश हो रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार से बाहर किसी भी हाल में नीतीश कुमार को नहीं जाने दिया जाएगा। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की चर्चा और बिहार से नीतीश कुमार की जगह किसी और के मुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चा के बाद अब जदयू के कार्यकर्ताओं का विरोध का दौर शुरू हो चुका है। आपको बता दें कि जैसे ही नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की चर्चा सार्वजनिक हुई, पार्टी के अंदर भी विरोध के स्वर खुलकर सामने आने लगे। कार्यकर्ताओं का यह साफ कहना है कि जनता ने जिस नेतृत्व पर भरोसा जताया है, उसी को आगे भी राज्य की कमान संभालनी चाहिए। विरोध के दौरान सीएम नीतीश कुमार के आवास के बाहर प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा बढ़ा दी है। सीएम आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई है और आने जाने वालों की सख्ती से जांच की जा रही है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन का परिणाम क्या होता है।

# सैदपुर में होली के दिन दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**लोक तंत्र की आवाज**

**कतरीसराय।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के अधिकांश गांवों में पुलिस की सक्रियता के कारण होली का पर्व हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। हालांकि सैदपुर गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना गुरुवार की शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है।मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष की ओर से इंद्रजीत कुमार, कुणाल कुमार (दोनों पिता रामस्वरूप पासवान), सुगमा देवी (पति बंगाली पासवान) तथा बिट्टू कुमार (पिता रामविलास पासवान) घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से अंजेश कुमार व राकेश कुमार (दोनों पिता नंदकिशोर प्रसाद) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गएइसके अतिरिक्त कालो देवी (पति रामस्वरूप पासवान) और प्रवीण कुमार (पिता इंद्रजीत कुमार) को भी हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया।घटना के बाद दोनों पक्षों ने स्थानीय थाना में एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि सैदपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

# निशांत को सीएम बनाएं वरना बीजेपी बिहार को चारागाह बना लेगी, नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर बोले पप्पू यादव



**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता विनोद प्रसाद**
पटना, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर मिलने के बाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने गैर-भाजपा दलों से निशांत कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नीतीश के हटने पर बिहार भाजपा का चरागाह बन सकता है। पप्पू यादव ने कहा कि ऐसा होने से हम सभी को रोकना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद राज्यसभा जाने की पुष्टि कर दी है। सीएम नीतीश के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सारे कयासों पर विराम लग गया। अमित शाह भी नीतीश कुमार के नॉमिनेशन में शामिल हुए। आज नीतीश कुमार, नितिन नवीन, उपेन्द्र कुशवाहा, शिवेश कुमार राम और रामनाथ ठाकुर राज्यसभा के लिए नामांकन किया। इसी के साथ अब स्पष्ट हो गया है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे। उनकी जगह बीजेपी से मुख्यमंत्री बनाए जाने की खबर आ रही है। दो डिप्टी सीएम जेडीयू से बनने की बात भी सामने आ रही है। जेडीयू से नीतीश के बेटे निशांत डिप्टी सीएम बनाए जाने की संभावना है। बिहार की सियासी उठक पटक के बीच पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने निशांत कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाए जाने की अपील करते हुए फेसबुक पर लिखा कि नीतीश कुमार के हटने पर बिहार भाजपा के लिए चरागाह बन सकता है और ऐसा होने से रोकना चाहिए। पप्पू यादव ने फेसबुक पर लिखा कि मांझी जी, चिराग जी, लालू जी, उपेंद्र जी बिहार को भाजपा का चरागाह न बनने दें। एकमत से निशांत जी को बिना शर्त समर्थन देकर बिहार का मुख्यमंत्री बना दें। बीजेपी के लिए बिहार का दरवाजा बंद कर दें। भविष्य की राजनीति आपस में फरिया लेंगे। इतिहास में अमर हो जाओगे। बिहारी स्वाभिमान का प्रतीक बन जाओगे।

# सहरसा : होली से पहले बसनही पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 137 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**
होली पर्व को देखते हुए बसनही थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों पर कड़ा प्रहार किया। गुप्त सूचना के आधार पर पचलख शिव मंदिर के पास छत्झेमारी कर पुलिस ने 137 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की धानाध्यक्ष विकास कुमार ने प्रेस वार्ता में। बताया कि शिव मंदिर के पीछे पुआल से ढकी शराब को छिपाया गया था। बरामद शराब में ऑफिसर चॉइस फूटी (175 एमएल) की 427 बोतलें, स्टर्लिंग रिजर्व (375 एमएल) की 154 बोतलें और ओल्ड हैबिट (चंडीगढ़ निर्मित, 475 एमएल) की 6 बोतलें शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि यह शराब होली के दौरान विक्री के लिए छिपाई गई थी। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जांच के दौरान अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह छापेमारी अवैध शराब तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### सत्संग महाअधिवेशन के कार्यालय से चोरों ने उड़ा दिए 53 हजार

**सहरसा संवादाता।**
सोनवर्षा राज प्रखंड के मनौरी चौक पर आगामी 7, 8 व 9 मार्च को आयोजित होने वाले अखिल राष्ट्रीय संतमत सत्संग के 114वें वार्षिक महाअधिवेशन के कार्यालय से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये नकद चुरा लिए। घटना से आयोजन समिति में हड़कंप मच गया है। महाअधिवेशन कमेटी के अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि रविवार को विभिन्न स्थानों से एकत्र चंदे की राशि कार्यालय के टंक में रखी गई थी। सोमवार दोपहर कार्यालय पहुंचने पर ट्रकका ताला टूटा मिला और चंदे से भरे बैग से करीब 53 हजार रुपये गायब पाए गए।जांच में पता चला कि चोरों ने कार्यालय के पीछे से छत पर लगे चादर के उपर जाम की गई ईटें तोड़कर अंदर घुसे और रकम पर हाथ साफ कर दिया। क्षेत्र में लगातार चंदे की उगाही और तैयारियां चल रही हैं।

### आतिथ्य सत्कार औरअतिथि देवो भव के भाव से लबरेज है बिहार : श्रवण कुमार

**लोक तंत्र की आवाज**

**राजगीर।** वेणवुन विहार में आयोजित 17वें विश्व माघ पूजा का उदघाटन ग्रामीण विकास सह परिवहन विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने किया। थाईलैंड के बौद्ध भिक्षु आर्यवंशो की अगुवाई में आयोजित, इस पूजा के दौरान विभिन्न 15 बौद्ध मठों के मठाधीश तथा थाईलैंड के 140 सदस्यीय बौद्ध भिक्षुओं शामिल हुए। जिनके द्वारा पूजा के क्रम में बौद्ध मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण धार्मिक हो गया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में अतिथियों को देवता के समान पूजने की परंपरा रही है। बुद्ध के रास्ते पर चलकर ही करुणा, मैत्री, प्रेम व भाईचारे को आगे बढ़ाया जा सकता है। देशों से आये हुए सैंकड़ों बौद्ध भिक्षु शामिल होते हैं। वेणुवन भगवान बुद्ध का प्रिय स्थल रहा था। राजा बिम्बिसार ने भगवान बुद्ध को यह बागीचा दान में दिया था। सूबे की सरकार ने बौद्ध सर्किटों का विकास किया है। नालंदा की धरती का दस हजार साल से भी ज्यादा पुराना इतिहास रहा है। नालंदा पूरी दुनिया को ज्ञान की रोशनी दिया करता था। जिसे फिर से विश्व में कायम करने के लिए ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा नालंदा में नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। उसमें कई देशों के छात्र अध्ययन कर रहे हैं। आने वाले दिनों में फिर से नालंदा विश्व गुरु कहलायेगा। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वेणुवन में भगवान बुद्ध ने पांच बार वर्षावास किया था। यह उनका सबसे प्रिय स्थल रहा था। थाईलैंड के भिक्षु आर्यवंग्सो की सहयोग व प्रेरणा से यहां पर विश्व माघ पूजा हो रही है। बौद्ध भिक्षु आर्यवंग्सो ने कहा कि बुद्ध के बताये पंचशील सिद्धांत को अपनाकर जीवन को सफल बनाया जा सकता है। वेणुवन का काफी महत्व है। कार्यक्रम के दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि सासंद कौशलेंद्र कुमार के अलावे थाईलैंड की पूर्व मंत्री लेडी सुभद्रा, थाईलैंड स्थित बैंकांक के थम्मसात विश्वविद्यालय के प्रो डॉ नितिकांत, थाईलैंड की पूर्व राजदूत सुचित्रा, थाईलैंड के उद्योगपतियों में रोजना वानिच्य व सुरापोल ने माघ पूजा को लेकर अपनी राय प्रकट किए।

# भागलपुर जिले के जनजातीय क्षेत्रों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं हो रहा है प्रभावी प्रचार-प्रसार



**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय।**
**भागलपुर।** भागलपुर जिले के जनजातीय क्षेत्रों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से गोकुलपुर ग्राम पंचायत, मदारगंज जफरा ग्राम पंचायत तथा सनोखर क्षेत्र में पूजा ग्रुप, नौबतपुर के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की ''सरकार के साथ निश्चयझ3'', विभिन्न पेंशन योजनाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों तक सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुँचाना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने योजनाओं के लाभ, पात्रता की शर्तें, आवेदन की प्रक्रिया तथा योजनाओं से मिलने वाले सामाजिक एवं आर्थिक लाभ को जीवंत अभिनय के जरिए प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति स्थानीय भाषा एवं संवाद शैली में की गई, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी सहज रूप से समझ में आई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लिया। दर्शकों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ कार्यक्रम को देखा और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने यह संदेश भी दिया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र व्यक्ति समय पर आवेदन करें तथा किसी प्रकार की अफवाह या गलत जानकारी से बचें। इस प्रकार के सांस्कृतिक माध्यमों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने से जनजातीय क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। प्रशासन द्वारा बताया गया कि आगामी दिनों में भी जिले के अन्य जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में इसी प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# पेड़ से लटका युवक का शव बरामद, आत्महत्या की आशंका



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**
गोलमा पूर्वी पंचायत के तिलाठी वार्ड 13 में सोमवार अहले सुबह एक युवक का शव आम के पेड़ से फंदे में लटका मिल। मृतक की पहचान ओमप्रकाश मंडल के 18 वर्षीय पुत्र घनश्याम कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने घर से लगभग 500 मीटर दूर बगीचे में शव लटका देखा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पतरघट थाना अध्यक्ष शशिकुमार कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। बाद में एसडीपीओ आलोक कुमार भी घटनास्थल पहुंचे। एसएफएल टीम ने साक्ष्य संकलन किया। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से मोबाइल, माचिस, ब्लेड, ईयरबड्स, सिम, सोल्यूशन ट्यूब, दो सौ रुपये नकद और आधार कार्ड बरामद हुआ है। शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। आवेदन में नशे की लत और पारिवारिक तनाव के कारण आत्महत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गेहूं व सरसों लगा खेत से 12 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



लोकतंत्र की आवाज
चेनारी। चेनारी थाना अंतर्गत अवैध शराब के विरुद्ध विशेष छापामारी के क्रम में संध्या गस्ति के साथ ग्राम शाहपुर इंडिया गेट से पश्चिम सड़क के उत्तर किनारे के तरफ गेहूं व सरसों लगा खेत से 13 पीस 375 एमएल वाला रोऑल स्टेग विस्की, 3 पीस 500 एमएल वाला किंगफिशर स्टौरंग वीयर एवं 35 पीस 180 एमएल वाला 8 पीएम स्पेशल बेलेंड स्कौच इंडियन ग्रीन विस्की कुल करीब 12 लीटर 375 मिली लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने दी।

### अनियंत्रित ट्रेलर ने तोड़े चार बिजली के खंभे, विभाग ने दर्ज कराई एफआईआर, 32 हजार का नुकसान

लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। रोहतास जिले के काराकाट के बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य मार्ग (एनएच-120 ए) पर बुधवार देर रात अनियंत्रित ट्रेलर ने बिजली के चार खंभों को धराशायी कर दिया। काराकाट नगर पंचायत के जमुआ गांव में यह हादसा हुआ, लेकिन गनीमत रही कि किसी की जान-माल की हानि नहीं हुई। बिजली विभाग ने क्षतिग्रस्त खंभों की कीमत 32 हजार बताते हुए काराकाट थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी है।जानकारी के मुताबिक, बिक्रमगंज की ओर से आ रहा ट्रेलर सिकंदर काराकाट थाना क्षेत्र के चकुदार के घर के बगल में लगे चार एलटी पोल और तारों से टकरा गया। ट्रेलर ने पहले सड़क किनारे खड़ी धान कूटने वाली मशीन से जोरदार टक्कर मारी, जिसके बाद चालक ने वाहन पर काबू पाने की कोशिश की। इससे तीन पोल गिर पड़े, जबकि चौथा बाल-बाल बच गया। यदि ट्रेलर घर में घुस जाती तो बड़ी अनहड़ी घटना घट सकती थी।काराकाट बिजली विभाग के कनीय अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि उन्हें गुरुवार सुबह सूचना मिली। उन्होंने क्षतिग्रस्त चार पोलों का बाजार मूल्य करीब 32 हजार रुपये आंका है। विभाग ने तत्काल काराकाट थाने में शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि बिजली विभाग के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच जारी है और आगे कार्रवाई की जा रही है।स्थानीय लोगों ने बताया कि एनएच-120 ए पर अक्सर वाहनों की तेज रफ्तार और अंधेरा होने से ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बिजली विभाग ने मरम्मत का काम शुरू कर दिया है, लेकिन ट्रैफिक बहाल है।

### गेहूं के खेत में छिपाकर रखी गई 89.46 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, पुलिस को देख कारोबारी फरार

लोकतंत्र की आवाज
दिनारा। दिनारा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के नौआ गांव के बधार स्थित गेहूं के खेत से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है । पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया । पुलिस को सूचना मिली थी कि नौआ गांव के बधार में गेहूं के खेत के अंदर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई है । सूचना मिलते ही दिनारा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत में सघन तलाशी अभियान चलाया । तलाशी के दौरान गेहूं के पौधों के बीच छिपाकर रखी गई 89.46 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई । हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब कारोबारी वहां से भागने में सफल रहा । पुलिस ने मामले में फरार कारोबारी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है इस संबंध में थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा फरार आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है । जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ।

### संझौली मुसहर टोली से 16 लीटर महुआ शराब बरामद, एक गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
संझौली। थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कारवाई की। इस दौरान संझौली मुसहर टोली से 16 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं, चैता बहोरी टोला से 90 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि संझौली मुसहर टोली में शराब बिक्री की सूचना मिली थी। इस पर त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर मनोज मुसहर (उम्र करीब 39 वर्ष, पिता रामप्रवेश मुसहर) भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। उसकी झोपड़ी की तलाशी लेने पर 8 बोतलों में रखी 16 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। इसी क्रम में चैता बहोरी टोला में शराब निर्माण और बिक्री की सूचना पर भी पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस को आता देख धंधेबाज मौके से फरार हो गए। तलाशी के दौरान वहां से कुल 90 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई। इन दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपी मनोज मुसहर को पूछताछ के बाद न्यायालय भेज दिया गया है।

# महिला दिवस पर कलाकारों ने साझा की दृढ़ नारीत्व की प्रेरक झलक

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। ताकत हमेशा शोर मचाकर सामने नहीं आती। कई बार यह चुपचाप सहने की क्षमता में, गिरकर फिर उठने के साहस में और परिवार, काम और सपनों को एक साथ थामने की ताकत में दिखाई देती है। महिला दिवस सिर्फ जश्न का दिन नहीं है, बल्कि उन अलग-अलग भूमिकाओं को पहचानने का दिन है, जिन्हें महिलाएँ हर रोज़ निभाती हैं और जिनका असर हमारी ज़िंदगी पर गहराई से पड़ता है। ऑन-स्क्रीन, सोनी सब के किरदार अक्सर मज़बूत, संवेदनशील और दृढ़ महिलाओं का उदाहरण पेश करते हैं, चाहे वह माँ हो, जो परिवार को जोड़कर रखती है, कोई युवती जो अपनी आवाज़ खोज रही है या फिर कोई साथी जो बराबरी से खड़ा है। ऑफ-स्क्रीन भी ये कहानियाँ उतनी ही व्यक्तिगत लगती हैं।

पुष्पा इम्पॉसिबल' में पुष्पा पटेल का किरदार निभा रहीं करुणा पांडे ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, “पुष्पा का किरदार मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत रहा है, क्योंकि वह उन कई महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती है, जिन्हें हम अपने आसपास देखते हैं। गणेश कार्तिकेय' में देवी पार्वती का किरदार निभा रहीं श्रेणु पारिख ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, “देवी सती और देवी पार्वती का किरदार निभाने से मुझे स्त्रीत्व को और गहराई से समझने का मौका मिला। मेरे लिए महिला दिवस उस संतुलन को महत्व देने का दिन है, जिसमें देखभाल करने वाला होना, जड़ों से जुड़ा होना और साथ ही अपनी पहचान और आवाज़ बनाए रखना शामिल है। पुष्पा इम्पॉसिबल' में राशी का किरदार निभा रहीं अक्षया हिंदालकर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, इस महिला दिवस पर मैं हर महिला को यही शुभकामना देती हूँ कि वह खुद के प्रति सच्ची रहे, अपने सपनों को पूरा करने की ताकत पाए और हर दिन वह प्यार और सम्मान पाए जिसकी वह हकदार है। इत्ती सी खुशी' में विराट का किरदार निभा रहे रजत वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, मेरे लिए महिला दिवस उस चुपचाप ताकत को पहचानने का दिन है, वह ताकत जो ध्यान नहीं चाहती, लेकिन हर दिन हमारी ज़िंदगी को आकार देती है।

# बिक्रमगंज अनुमंडल रंग, उमंग और परंपरा के संग सराबोर, हर्षोल्लास के बीच संपन्न हुआ होली महापर्व

लोकतंत्र की आवाज

**बच्चों की किलकारियों, पिचकारियों की फुहार और फाग की गूंज से जीवंत हुआ जनजीवन**

बिक्रमगंज। अनुमंडल मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को होली का महापर्व पूरे उत्साह, उल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया । सुबह की पहली किरण के साथ ही गलियों और चौक-चौराहों पर रंगों की बौछार शुरू हो गई । युवाओं ने दोपहर तक जमकर कीचड़ होली खेली और एक-दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया ।

होली की असली रौनक बच्चों में देखने को मिली । हाथों में पिचकारी, चेहरे पर रंग और होठों पर मुस्कान लिए बच्चों की टोलियां गलियों में घूमती रहीं । कहीं रंग की फुहार, तो कहीं कीचड़ की मस्ती हर ओर बच्चों की किलकारियां गूंजती रहीं । छोटे-छोटे बच्चों ने भी अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरा माहौल जीवंत हो उठा ।

दोपहर बाद लोगों ने स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और अबीर-गुलाल लेकर गांवों के देवालयों में पहुंचे । देवी- देवताओं को अबीर अर्पित कर माथा टेकते हुए अपने परिवार, गांव, नगर और राष्ट्र की सुख-समृद्धि, यश- कीर्ति, धन-वैभव और दीर्घायु की कामना की । इसके उपरांत घर के बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने की परंपरा निभाई गई । इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और मुंह मीठा कराकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया । स्वजनों, रिश्तेदारों और इष्ट-मित्रों के घर जाकर शुभकामनाएं देने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा । ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक होली फाग की विशेष धूम रही । गांव के देवालयों पर ग्रामीणों की टोली जुटी और झाल, ढोलक व अन्य वाद्ययंत्रों की थाप पर पारंपरिक फाग गाए गए । इसके बाद टोली बनाकर हर घर तक पहुंच होली गीत गाकर जश्न मनाया गया ।

इस सांस्कृतिक परंपरा में युवा, बुजुर्गों के साथ बच्चे भी बढ़-चढ़कर शामिल हुए । होली पर्व के मद्देनजर अनुमंडलीय प्रशासन व स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा । सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और जनसहयोग के चलते पूरे अनुमंडल क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ । रंगों के इस महापर्व ने एक बार फिर सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम की मजबूत मिसाल पेश की ।

# संझौली में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया होली का पर्व

लोकतंत्र की आवाज

संझौली। थाना क्षेत्र में होली का पर्व इस वर्ष पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। होली के दिन क्षेत्र के विभिन्न गांवों और बाजारों में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर खुशियां मनाईं। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में शांति और भाईचारे का माहौल बना रहा।

त्योहार को लेकर संझौली थाना की पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आई। थाना अध्यक्ष पूनम कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार क्षेत्र में गश्त करती रही और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। प्रशासन की ओर से पहले ही लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की गई थी, जिसका असर भी देखने को मिला। होली के दिन सुबह से ही पुलिस टीम विभिन्न चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तैनात रही। इसके साथ ही थाना क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का भरोसा बना रहा। पुलिस प्रशासन की सक्रियता के कारण कहीं भी हंगामा या विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

थाना अध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि होली के अवसर पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल के साथ लगातार गश्त और निगरानी की जा रही थी, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की सतर्कता के कारण क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया।

# कोचस थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग खूनी संघर्ष मे एक मासूम समेत 15 लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। स्थानीय थाना क्षेत्र मे बीते दिन हुए अलग अलग खूनी संघर्ष मे एक मासूम सहित लगभग पंद्रह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना थाना क्षेत्र के कपसीया गांव मे हुई जहां दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्ष के लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, आनन फानन में दोनों पक्ष के परिजनों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सभी को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ तुषार कुमार ने सभी का उपचार कर शरीर में गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। मारपीट की घटना मे एक मासूम समेत कुल पंद्रह लोग घायल हुए है।

घायलो मे राजेश यादव, कमलेश कुमार, जय प्रकाश कुमार , गोविंद कुमार, काजल कुमारी उम्र 5 वर्ष, आरती देवी, रीता देवी, श्रीनिवास यादव, अनीता देवी, ओमप्रकाश यादव, व दूसरे पक्ष के ऊषा देवी तथा गोल्डन पासवान घायल है। सभी गांव कपसिया के बताए गए है।

जबकि कोचस नगर पंचायत मे हुए अलग अलग मारपीट मे वार्ड 4 निवासी अंकित कुमार, गुड्डू शाह, अर्जुन साह तथा वार्ड 3 निवासी मुना पासवान शामिल है। तीनो घायल को उपचार उपरांत बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि कपसीया मे हुई मारपीट की सूचना थाने को प्राप्त हुई है, अभी तक किसी पक्ष के द्वारा कोई आवेदन थाने को प्राप्त नही है जैसे ही आवेदन थाने को प्राप्त होगी पुलिस आवेदन ले प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करेगी ।

### अलग अलग सड़क दुर्घटना मे दो घायल

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। थाना क्षेत्र के कपसिया गांव के समीप बाइक से गिर मंगलवार को एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला रचिता देवी ग्राम डंगरी थाना कुदरा जिला कैमूर की बताई गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल महिला रचिता देवी अपने रिश्तेदारी में आई थी जहां बाइक से घर वापस लौट के दौरान कपसिया गांव के समीप राइस मिल के पास तेज रफ्तार में बाइक ब्रेकर पार करने के दौरान नियंत्रित हो गया जिसमें पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गई, स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पीएचसी को दी जहां सूचना पर पहुंची पीएचसी एम्बुलेंस की सहयोग से घायल महिला को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर विकास कुमार ने सर फटने तथा आंख में गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# होली के रंग में कीचड़ फेंकने के विवाद में मारपीट और फायरिंग: दो पक्षों के एक-एक व्यक्ति न्यायिक हिरासत में

लोकतंत्र की आवाज

काराकाट। होली के रंग-बिरंगे उत्सव के बीच कीचड़ फेंकने और रंग लगाने लेकर गोडारी गांव में दो पक्षों के बीच भयंकर विवाद हो गया। मामला इतना तूल पकड़ा कि मारपीट के साथ ही फायरिंग तक हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से एक-एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। क्रॉस केस दर्ज होने से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

घटना 4 मार्च की है। प्रथम पक्ष की गोडारी निवासी उषा देवी (पति हरेंद्र तिवारी) ने थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि श्याम बिहारी साह के दो पुत्र रजनीकांत कुमार और रवि रंजन कुमार उनके दरवाजे पर आए। उन्होंने जबरन घर में घुसकर उषा देवी की पतोहू पर रंग लगाने की जिद की। मना करने पर दोनों ने छेड़खानी शुरू कर दी। हो-हल्ला सुनकर घर के परिजन पहुंचे तो उन पर मारपीट की। गांव वाले जुट गए तो दोनों आरोपी फरार हो गए। दूसरे पक्ष से श्याम बिहारी साह ने शिकायत दर्ज कराई कि उसी दिन वे अपने दरवाजे पर थे, तभी जितेंद्र तिवारी, हरेंद्र तिवारी और उनके बड़े लड़के समेत दस अज्ञात लोग अर्टिगा कार से आए। उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और फायरिंग भी की। डरकर वे घर में घुस गए। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया, "होली पर्व पर कीचड़ फेंकने और रंग लगाने लेकर विवाद बढ़ा।

दोनों पक्षों ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई। प्रथम पक्ष से रजनीकांत कुमार (पिताः श्याम बिहारी साह) और दूसरे पक्ष से हरेंद्र तिवारी (पिताः राम दयाल तिवारी) को गिरफ्तार किया गया। दोनों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।" पुलिस जांच जारी है और गांव में शांति बनाए रखने के लिए फोर्स तैनात की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारों में छोटे-मोटे विवाद आम हैं, लेकिन फायरिंग जैसी घटना चिंताजनक है। प्रशासन ने अपील की है कि उत्सव शांतिपूर्ण रखें।

# करंट लगने से 15 वर्षीय किशोर की मौत, गांव में मातम

लोकतंत्र की आवाज
संझौली। थाना क्षेत्र के अमैठी गांव में 15 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अमैठी गांव निवासी राज कुमार कुशवाहा के 15 वर्षीय पुत्र ललन कुमार के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव में गेहूँ की पटवन (सिंचाई) के लिए खेत में बिजली का तार बिछाया गया था। इसी दौरान ललन कुमार उस तार की चपेट में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लग गया। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलसकर मौके पर ही गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत इलाज के लिए ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मामले की जानकारी लेने में जुट गई है।

# दिनारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, दो गंभीर

लोकतंत्र की आवाज

दिनारा। दिनारा थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए । दोनों घटनाओं के बाद इलाके में मातम का माहौल है । पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामलों की जांच शुरू कर दी है । पहली घटना बुधवार की शाम करीब चार बजे दिनारा थाना क्षेत्र के तेनुआठ मठिया गांव के समीप हुई ।

बताया जाता है कि एक ही बाइक पर सवार तीन लोग कहीं जा रहे थे, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तेनुआठ मठिया निवासी स्वर्गीय धनजी भारती के 26 वर्षीय पुत्र सत्यप्रकाश भारती की मौके पर ही मौत हो गई । हादसे में बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । दुर्घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए दिनारा पीएचसी में भर्ती कराया । हालांकि उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को बाहर रेफर कर दिया । वहीं हादसे के बाद अज्ञात वाहन का चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया । वहीं दूसरी घटना बुधवार की देर रात करीब आठ बजे दिनारा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा गांव के समीप हुई । यहां दो बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई । इस दुर्घटना में बड़हरी थाना क्षेत्र के रूपी गांव निवासी कामेश्वर सिंह के 46 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई । बताया जाता है कि टक्कर के बाद दूसरी बाइक का चालक अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया । घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची । दिनारा थाना की पुलिस ने दोनों घटनास्थलों पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और परिजनों की मौजूदगी में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की । इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया । पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि दोनों सड़क हादसों के मामलों की जांच की जा रही है

### पुलिस ने एक पियक्कड़ को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। परसथुआ पुलिस ने शराब सेवन मामले मे गुरुवार को एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि एक व्यक्ति शराब पीकर गाली गलौज तथा अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराब सेवन की पुष्टि कर आरोपी पंकज कुमार पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह ग्राम चितैनी थाना परसथूआ जिला रोहतास को शराब सेवन के आरोप में विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सासाराम भेज दिया है।

# काई नदी से एक युवक का शव बरामद पुलिस मामले की जांच में जुटी

लोकतंत्र की आवाज

**घटना डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के समीप की है**

डिहरी ऑन सोन। रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र अंतर्गत काई नदी से गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। घटना डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के समीप की बताई जा रही है। मृतक की पहचान देवरिया गांव निवासी विजय शर्मा के 21 वर्षीय पुत्र विपुल शर्मा के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नदी से बरामद शव के दोनों हाथ एक काले टी-शर्ट से बंधे हुए थे और मुंह पर भी खून के निशान दिखाई दे रहे थे। जानकारी के अनुसार मृतक 2 मार्च से ही बिना सूचना के घर से गायब था, जिसकी परिजनों द्वारा तलाश की जा रही थी। परिजनों के मुताबिक डिहरी मुफस्सिल थाने को 3 मार्च को ही गुमशुदगी की सूचना दी गई थी, लेकिन होली के कारण मामला दर्ज नहीं हो पाया था। इसके बाद गुरुवार को नदी से युवक का शव बरामद किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही डिहरी मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर कई साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की जांच में जुट गई है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता विजय शर्मा ने बताया कि उनका पुत्र टेंट-पंडाल में काम करता था। उन्होंने बताया कि विपुल मानसिक रूप से थोड़ा बीमार था और पहले भी दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। हालांकि परिजनों ने किसी से दुश्मनी की बात से इनकार किया है, लेकिन आशंका जताई है कि उनके पुत्र की हत्या कर अपराधियों ने शव को नदी में फेंक दिया है।

इस संबंध में डिहरी मुफस्सिल थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि देवरिया गांव के समीप नदी से एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ है। घटनास्थल पर एफएसएल टीम पहुंच जांच में जुटी हुई है।

# बिक्रमगंज में होली मिलन समारोह का आयोजन, दुगोला कार्यक्रम ने बांधा समां : एसडीएम प्रभात कुमार ने दिया आपसी भाईचारे का संदेश

लोकतंत्र की आवाज

बिक्रमगंज। केन यूनियन बिक्रमगंज के प्रांगण में मंगलवार देर शाम अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) प्रभात कुमार की अध्यक्षता में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक होली फाग गीतों से पूरा माहौल होली के रंग में सराबोर हो गया । कार्यक्रम के सफल आयोजन में केन यूनियन अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, प्रबंधक अंजनी तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही ।

समारोह में बिक्रमगंज प्रखंड के इंद्रार्थ खुर्द तथा काराकाट प्रखंड के महुअरी गांव की टीमों ने भाग लिया । दोनों टीमों के बीच हुए जोरदार दुगोला कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों का भरपूर



मनोरंजन किया । इस दौरान दोनों गांवों की टीमों ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक होली फाग गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया । कार्यक्रम के दौरान जमकर अबीर- गुलाल उड़ाए गए और सभी ने एक- दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर अनुमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी तथा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे । इस मौके पर एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है । ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा बढ़ाने और हमारी समृद्ध लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने का माध्यम बनते हैं । हम सभी को मिल-जुलकर प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाना चाहिए । कार्यक्रम दौरान एसडीएम ने दोनों टीमों के प्रतिभागियों के साथ-साथ सबको अंगवस्त्रों के साथ सम्मानित किया और सभी उपस्थित लोगों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं । साथ ही साथ एसडीएम को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रेम प्रसंग में प्रेमी जोड़ा ने फांसी लगाकर किया आत्म हत्या



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग झारखंड
चतरोचटी थाना क्षेत्र के मूर्पा गांव में दो प्रेमि जोड़ा ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया । लड़का ग्राम पंचायत मडमों टोला डुमरिया टांड़ थाना विष्णुगढ़ जिला हजारीबाग निवासी का था, वही लड़की ग्राम मूर्पा थाना चतोरोचटी जिला बोकारो निवासी की थी , दोनों की प्रेम प्रसंग लगभग 01वर्ष से चल रहा था लड़का का नाम फुल चंद सोरेन पिता रति सोरेन 25 वर्ष वही लड़की की सावित्री कुमारी ढना मांझी 18 वर्ष बताया जाता है की 3 .3 .2026से दोनों लापता चल रहा था जो आज पेड़ से झूलता हुआ दोनों का शव बरामद चतरो चटी प्रशासन द्वारा बरामद किया गया और त्वरित कार्यवाही करते हुए पोस्टमडम के लिए तेनुघाट दोनों की शव को भेजा गया।

### बेड़ोकला के श्री रामेश्वर धाम में बरकट्ठा विधायक ने किया यज्ञ का विधिवत उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बेड़ोकला स्थित श्री रामेश्वर धाम में आयोजित 'श्री श्री 1008 श्री महारुद्र यज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा' महोत्सव का बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र 'हर–हर महादेव' और धार्मिक जयकारों से गुंजायमान रहा। यज्ञ मंडप का पूजन और उद्घाटन करने के पश्चात जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान न केवल आत्मिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि इससे समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा, ‪महारुद्र यज्ञ और शिव प्राण प्रतिष्ठा जैसे पावन आयोजन से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि आएगी। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनने का अवसर मिला।विधायक ने मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ की आराधना की और क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी सनातन संस्कृति और परंपराएं अगली पीढ़ी तक सुरक्षित पहुँचती हैं। इस उद्घाटन समारोह के दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। काल फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री ओंकारनाथ झा के निधन पर विष्णुगढ़ डीलर संघ के द्वारा प्रखंड परिसर में शोक सभा का आयोजन करते हुए दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके निधन से पूरे झारखंड के पचीस हज़ार जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की अपूर्णीय क्षति है एवं पूरे ऑल इंडिया फेडरेशन में शोक की लहर है श्री झा फेडरेशन को कुशल नेतृत्व कर रहे थे। उनके आकस्मिक निधन से ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन एक कुशल नेता को खो दिया है पूरे डीलर समाज का आवाज सरकार के पास मजबूती से रखते हुए सभी समस्याओं का समाधान निकालने में सक्षम व्यक्ति का चले जाना डीलर संघ की अपूर्णीयय क्षति है।इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष टेकोचन्द महतो, सचिव संभुनाथ पांडेय, चेतलाल महतो,उमेश पांडेय, भोला प्रसाद, गोवर्धन प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, हीरो राम, महावीर महतो,सुभाष कुमार, मुकेश कुमार, छत्रधारी भाई पटेल,गोविंद पटेल उपस्थित थे।

### अलपीटो पंचायत में प्रभारी मुखिया विनोद कुमार रजक ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़
ब्यूरोचीफ हजारीबाग
(झारखंड) । विष्णुगढ़ प्रखंड के अलपीटो पंचायत के ग्राम अल्पीटो सामुदायिक सभा भवन में अल्पिटो के ग्रामवासियों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अलपीटो के सम्मानित पंचायत के प्रभारी मुखिया विनोद कुमार रजक माले नेता जानकी शर्मा, शंकर रजक, अशोक यादव, पप्पू कुमार सिंहएवं सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए लोगों को बधाई दी और कहा कि पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाएँ ताकि आपसी भाईचारा और प्रेम बना रहे। यह त्यौहार खुशियों का त्यौहार है। इस त्यौहार में रंग–बिरंगे रंग गुलाल को साथ खेलते हैं ताकि सभी के आने वाले वर्षों में अनेकों रंग की खुशियां जीवन में बरकरार रहे।

### गिरिडीह जिला में शुरू हो चुकी है मार्च लूट

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026 .03 .05)। यह तो सभी को पता है की प्रत्येक वर्ष अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष 2026–27 की शुरुआत हो जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को रुपए देने का कार्य अलग तरीके से किया जाता है प्रत्येक वर्ष ( 31 मार्च के पहले और बाद ) आपने सुन रखा होगा कि रुपए यदि 31 मार्च तक खर्च न हुए हों या किया जा सके तो वह राशि केंद्र सरकार को वापस चली जाएगी और यहीं डर शुरू होती है मार्च में क्योंकि यदि कोई अमुक अफसर पदाधिकारी साल भर या मटरगस्ती करने वाले अफसर कर्मचारी नेता इत्यादि के कार्यों को देखेंगे इसका विश्लेषण करेंगे तो आपको ऐसा लगेगा मानो भूचाल आ गया हो मतलब कार्य करने की क्षमता में अचानक वृद्धि अब जैसे एक जगह हो रहा था पीसीसी गली का निर्माण जिसमें कच्चा ईंट घटिया मिक्सर सड़क किनारे हो रहे नाले का निर्माण जिसमें नाले के निश्चित चौड़ाई से कम की चौड़ाई रखना कमजोर छड़ का प्रयोग करना तात्पर्य यह की आने वाले समय में जब मानसून अपने चरम पर होगा तो वह गिरिडीह नगर निगम के लिए कम से कम तो समस्या आफत का कारक बनेगा ऐसी संभावना व्यक्त की जा सकती है जिसे नाले को देखकर भी समझा जा सकता है क्योंकि मार्च लूट में रूपयों को बचाना होता है जिसे कहते हैं हीरे की लूट कोयल पर छाप।

# धनबाद के झरिया के भौंरा 6 नंबर में जमीन धंसी, गोफ बनने से मची अफरा-तफरी

लोकतंत्र की आवाज़



**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** धनबाद के झरिया क्षेत्र में एक बार फिर भू-धसान की घटना ने लोगों को दहशत में डाल दिया. बीसीसीएल के ईजे एरिया अंतर्गत आबादी बहुल भौंरा छह नंबर मोहल्ला के बीचों-बीच मंगलवार सुबह अचानक गोफ (जमीन धंसने से बना गड्ढा) बन गया.घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. गोफ बनने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई. स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है.

**नेताओं और पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण:** घटना की जानकारी मिलते ही जनता मजदूर संघ के केंद्रीय नेता रंजय कुमार, क्षेत्रीय नेता धनंजय कुमार सिंह, भाजपा नेता उमेश यादव, संजय वर्मा और रितेश गुप्ता मौके पर पहुंचे. स्थानीय प्रबंधन और भौंरा ओपी पुलिस को भी सूचना दी गई. भौंरा ओपी प्रभारी सुमन सौरभ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. लोगों ने प्रबंधन पर सी-टू पैच में हैवी ब्लास्टिंग करने का आरोप लगाया. उनका कहना था कि लगातार हो रही ब्लास्टिंग के कारण जमीन कमजोर हो गई है, जिससे गोफ बना है.

**घरों में पड़ी दरारें, प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप :** मोहल्ला वासियों का आरोप है कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है. कई घरों में दरारें पड़ने की बात सामने आई है. लोगों ने कहा कि यदि समय रहते खनन गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं लगाया गया तो पूरा इलाका खतरे में आ सकता है. घटना से आक्रोशित लोगों ने भौंरा सी-टू पैच पहुंचकर काम बंद करा दिया. वहां ड्यूटी पर मौजूद ओवरमैन मनीष कुमार के साथ कुछ युवकों द्वारा धक्का-मुक्की की भी सूचना है. हालांकि बाद में यूनियन नेताओं ने स्थिति को संभालने की कोशिश की.

**अधिकारियों के आने में दिखी हिचकिचाहट :** यूनियन नेताओं ने परियोजना पदाधिकारी से फोन पर संपर्क कर सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजने की मांग की. लेकिन स्थानीय लोगों के आक्रोश को देखते हुए अधिकारी पहले आने से हिचकिचा रहे थे. उन्हें मारपीट का डर सता रहा था. बाद में भौंरा ओपी प्रभारी और स्थानीय नेताओं ने अधिकारियों को सुरक्षा का आश्वासन दिया. इसके बाद सेफ्टी और ब्लास्टिंग विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और गोफ स्थल का मुआयना किया. निरीक्षण के बाद एहतियातन बालू और पानी डालकर गोफ की भराई कराई गई.

**30-40 फीट दूरी पर है भौंरा बाजार :** घटनास्थल से महज 30-40 फीट की दूरी पर भौंरा बाजार स्थित है. यह बाजार इलाके का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं. तकनीकी जानकारों के अनुसार, नीचे सेवन-बी खदान संचालित है. बताया जा रहा है कि पास में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना के कारण बंद खदान की गैलरियों में हवा प्रवेश कर गई, जिससे जमीन धंस गई. यदि यह धंसान बाजार क्षेत्र तक फैलता है तो बड़ा नुकसान हो सकता है.

**भौंरा बाजार और मोहल्ले पर मंडराता खतरा :** घटना के बाद से मोहल्ला वासियों के साथ-साथ बाजार के दुकानदारों में भी भय का माहौल है. लोगों को भौंरा बारह नंबर मोहल्ला की घटना याद आ रही है, जहां कई स्थानों पर गोफ बनने और लगातार भू-धसान के कारण पूरे मोहल्ले का अस्तित्व समाप्त हो गया था. उस समय हालात इतने गंभीर हो गए थे कि लोगों को विस्थापित कर अन्यत्र शिफ्ट करना पड़ा था. स्थानीय लोग आशंका जता रहे हैं कि कहीं वही स्थिति भौंरा छह नंबर में भी न उत्पन्न हो जाए.

**स्थायी समाधान की मांग :** स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों ने बीसीसीएल प्रबंधन से स्थायी समाधान की मांग की है. उनका कहना है कि केवल अस्थायी भराई से समस्या का समाधान नहीं होगा. क्षेत्र की वैज्ञानिक जांच कर ठोस कदम उठाने की जरूरत है. फिलहाल प्रशासन और प्रबंधन स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. लेकिन जब तक खनन गतिविधियों और सुरक्षा मानकों की गंभीर समीक्षा नहीं होती, तब तक भौंरा छह नंबर और आसपास के इलाकों में खतरा बना रह सकता है.

# होली के उत्साह और छुट्टी के बीच भी विकास कार्यों में जुटे कॉमरेड अरूप चटर्जी



लोकतंत्र की आवाज़

**झारखंड।** धनबाद जिले के निरसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कॉमरेड अरूप चटर्जी ने होली (होलिका दहन और होली) के अवकाश के दौरान भी अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। विधानसभा के बजट सत्र (18 फरवरी 2026 से 19 मार्च 2026 तक) में अस्थायी ब्रेक के इस मौके पर वे निरंतर क्षेत्रवासियों के बीच पहुंचे और बेलगड़िया पंचायत में चल रहे महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।यह सड़क निर्माण पूरा होने पर स्थानीय ग्रामीणों के लिए आवागमन अत्यंत सुगम एवं सुविधाजनक हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास में नई गति आएगी।

मौके पर विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनके हाल-चाल पूछे तथा समस्याओं को ध्यान से सुना। उन्होंने क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान को प्राथमिकता पर करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने विधायक चटर्जी की जनसेवा को उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उनकी सराहना की।विधानसभा सत्र के दौरान अरूप चटर्जी ने पूरे झारखंड की जनता की समस्याओं को सदन में बार-बार उठाया तथा सरकार से उनके त्वरित समाधान की मांग की। उनकी मुखर आवाज ने राज्य स्तर पर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है। छुट्टी के इस अवसर को वे अपने क्षेत्रवासियों की सेवा में समर्पित कर रहे हैं, जो उनकी जन-समर्पित छवि को और सुदृढ़ करता है।विधायक चटर्जी की यह सक्रियता स्थानीय लोगों में खासी सराहना बटोर रही है। वे बार-बार कहते हैं कि विधानसभा में जनमुद्दों की आवाज उठाना और जमीनी स्तर पर क्षेत्र में कार्य करना दोनों उनके कर्तव्य का अभिन्न अंग हैं। बेलगड़िया रोड जैसे विकास कार्य क्षेत्र में खुशहाली लाएंगे तथा लोगों के जीवन स्तर में सुधार करेंगे। जनता के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण भाव वास्तव में प्रशंसनीय है।

# धनबाद बारमसिया फुटबॉल ग्राउंड में ताबड़तोड़ फायरिंग, कई लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज़



**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बारमसिया फुटबॉल ग्राउंड में उस समय सनसनी फैल गई जब कुछ असामाजिक तत्वों ने तीन युवकों पर जानलेवा हमला करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार, अरुण कुमार, विषुण शर्मा एवं पुष्पक मिश्रा पर आरोपियों ने अचानक हमला कर गोलीबारी शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों की संख्या 15 से अधिक थी। घटना में नामजद आरोपियों में अनिल यादव, सुनील यादव, विजय यादव, सुधीर यादव (सभी पिता – हरिनंदन यादव), प्रमोद पासवान, अभिषेक उर्फ मंझी, विकास लाला (माता – किरण वर्मा), कुंदन कुमार (पिता – गया राम सिंह) तथा ब्रजेश ठाकुर (पिता – राजकुमार ठाकुर) शामिल बताए जा रहे हैं, जबकि 10–12 अन्य लोग अज्ञात हैं। घटना में घायल हुए लोगों को तत्काल इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सूचना मिलते ही धनसार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास (धारा 307), बलवा एवं आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है घटना के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

# बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने बीएसएल निदेशक प्रभारी से की महत्वपूर्ण बैठक, विकास कार्यों पर हुई गहन चर्चा

लोकतंत्र की आवाज़



**बोकारो ।** कांग्रेस की विधायक श्वेता सिंह ने 5 मार्च 2026 को बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन से औपचारिक मुलाकात की। इस बैठक में बोकारो इस्पात नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तृत और गहन चर्चा हुई।विधायक श्वेता सिंह ने बैठक के दौरान बोकारो इस्पात नगर के निवासियों की गुणवत्तापूर्ण जीवन-यापन के लिए अत्यंत आवश्यक बुनियादी ढांचागत सुविधाओं पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने नगर की प्रमुख सड़कों के निर्माण, मरम्मत एवं विस्तार की आवश्यकता बताई, जिसमें नया मोड़ बाइपास परियोजना को प्रमुखता से शामिल किया गया। इसके अलावा बरवाघाट डैम को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से बात हुई।विधायक ने इंडोर स्टेडियम, आधुनिक खेल परिसर तथा छात्रावासों की स्थापना, ईएसआईसी अस्पताल के लिए आवश्यक भूमि आवंटन की प्रक्रिया को गति प्रदान करने, नया मोड़ बस स्टैंड स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र की व्यवस्था, नगर के मुख्य मार्गों एवं लेक रोड की व्यापक मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण, सड़क डिवाइडरों के नियमित रख-रखाव, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार एवं विस्तार तथा सेक्टर-9 से चंद्रपुरा तक सड़क की मरम्मत जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों को उठाया।इन सभी मुद्दों को बोकारो इस्पात नगर के निवासियों की दीर्घकालिक आवश्यकताओं से जोड़ते हुए विधायक ने इन पर शीघ्र, ठोस एवं समयबद्ध कार्रवाई की मांग की।निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन ने विधायक द्वारा प्रस्तुत सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने बोकारो इस्पात संयंत्र की ओर से क्षेत्रीय विकास में पूर्ण सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा सभी प्रस्तावित कार्यों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक पहल, योजनाबद्ध कार्रवाई एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का स्पष्ट आश्वासन दिया।यह बैठक बोकारो क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, खेलकूद, पर्यटन एवं यातायात सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर आशा बंधी है कि इन सार्थक चर्चाओं के परिणामस्वरूप निकट भविष्य में ठोस विकास परियोजनाओं का शुभारंभ होगा, जिससे बोकारो इस्पात नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार आएगा।

# धनबाद कतरास हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ छाताबाद ग्राम का 'होली मिलन समारोह

लोकतंत्र की आवाज़



**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** हर साल की परंपरा को जीवंत रखते हुए, इस वर्ष भी हाड़ी जाति विकास मंच के नेतृत्व में छाताबाद ग्राम शाखा द्वारा भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। रंग-गुलाल और आपसी भाईचारे के इस उत्सव में युवाओं का जोश और वरिष्ठों का मार्गदर्शन देखते ही बनता था।

**मुख्य अतिथि और विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति:** इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में श्री बशिष्ठ चौहान जी उपस्थित रहे। उनके साथ युवा नेता श्री आनंद यादव जी ने भी शिरकत की और कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रमुख स्तंभों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें शामिल थे: 1 श्री दीनानाथ हाड़ी जी (भावी ग्राम अध्यक्ष, छाताबाद ग्राम) 2 श्री मोहन हाड़ी जी (ग्राम छड़ीवरदार) 3 श्री बब्लू हाड़ी जी (ग्राम कोषाध्यक्ष), 4 श्री डब्लू हाड़ी जी ( धनबाद जिला अध्यक्ष एवं पूर्व ग्राम युवा अध्यक्ष 5 श्री राहुल हाड़ी जी ( वर्तमान ग्राम यूवा अध्यक्ष )

**विचारों का संगम और सामाजिक संदेश :** समारोह के दौरान वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। युवाओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने अपील की कि होली का यह पावन त्योहार बिना किसी लड़ाई-झगड़े के, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाए।

मुख्य अतिथि श्री बशिष्ठ चौहान जी ने अपने संबोधन में समाज की वर्तमान स्थिति और कमियों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। समाज के लोगों ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि भले ही वह पार्षद चुनाव में विजयी नहीं हो पाए, लेकिन आज भी वह बिना किसी पद के जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं। उनकी निस्वार्थ सेवा भावना समाज के लिए एक मिसाल है।

# 13 अप्रैल को हजारीबाग यूथ विंग का रक्तदान शिविर, रक्तदाताओं को संस्था करेगी हेलमेट भेंट

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ



**हजारीबाग (झारखंड)।** सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग की एक विशेष बैठक संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया ने की, जबकि संचालन सचिव रितेश खंडेलवाल के द्वारा किया गया। बैठक में संस्था के आगामी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में संस्था के प्रमुख कार्यक्रम एकदिवसीय रक्तदान शिविर को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आगामी 13 अप्रैल को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को संस्था की ओर से हेलमेट भेंट किया जाएगा।

इस पहल के पीछे एक सकारात्मक और जागरूकता से जुड़ा संदेश है। जिस प्रकार एक रक्तदाता रक्तदान कर किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का कार्य करता है, उसी प्रकार संस्था रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर उनके स्वयं के जीवन की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करना चाहती है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें सबसे अधिक घातक साबित होती हैं, ऐसे में हेलमेट पहनना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी सोच के साथ संस्था ने यह पहल की है कि जो लोग रक्तदान कर किसी की जान बचाने का पुण्य कार्य कर रहे हैं, उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट प्रदान किया जाए। संस्था को उम्मीद है कि इस सकारात्मक संदेश से अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित होंगे और समाज में सुरक्षा एवं सेवा दोनों का संदेश जाएगा।गौरतलब है कि संस्था द्वारा पूर्व में आयोजित रक्तदान शिविरों को भी लोगों का व्यापक सहयोग मिला है। वर्ष 2025 में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल

**■ रक्तदान शिविर के माध्यम से समाज में सेवा और सुरक्षा दोनों का संदेश देने का प्रयास : चंद्र प्रकाश जैन**

221 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया था, जबकि वर्ष 2024 में 130 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था। लगातार बढ़ते रक्तदान के आंकड़ों को देखते हुए इस वर्ष के आयोजन को और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने की योजना बनाई गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ सकें और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। रक्तदान शिविर में संग्रहित रक्त को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल के ब्लड बैंक को उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं रेड क्रॉस सोसाइटी हजारीबाग का भी विशेष सहयोग प्राप्त होगा।

रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि सह-संयोजक के रूप में गुंजन मद्धेशिया, प्रवेक जैन, जयप्रकाश खंडेलवाल एवं कुश पांडे को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संस्था द्वारा लगातार पांचवें वर्ष आयोजित किया जाने वाला लड्डू महाभोग वितरण कार्यक्रम इस वर्ष भी भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। रामनवमी के पावन अवसर पर 26 मार्च को महावीर स्थान मंदिर के समीप 151 किलो लड्डू राम भक्तों के बीच वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में प्रणीत जैन एवं रितेश खंडेलवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्था के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना है। रक्तदान शिविर के माध्यम से जहां जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलेगा, वहीं हेलमेट भेंट कर सड़क सुरक्षा का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जाएगा।

वहीं संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि संस्था निरंतर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सेवा कार्यों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इस वर्ष भी रक्तदान शिविर और रामनवमी के अवसर पर आयोजित लड्डू महाभोग कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इन आयोजनों से जुड़ें और समाज में सेवा एवं जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हो सके। बैठक में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव रितेश खण्डेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, संस्था मार्दर्शक जय प्रकाश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित बजाज, सत्यनारायण सिंह,प्रवेक जैन,प्रणीत जैन एवं कैलाश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहें।

# धनबाद में डीसी-एसपी के घर मनाई गई होली, शांति और सौहार्द का दिया संदेश

लोकतंत्र की आवाज़



**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** रंगों के त्योहार होली पर धनबाद में प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ जश्न मनाया. जिले के डीसी और एसएसपी आवास पर अधिकारियों का जुटान हुआ, जहां रंग-गुलाल, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक अंदाज के साथ भाईचारे का संदेश दिया गया. उत्सव का यह माहौल प्रशासनिक एकजुटता और आपसी समन्वय की झलक भी पेश करता नजर आया.

**एसएसपी आवास पर पुलिस पदाधिकारियों का जमावड़ा:** होली के शुभ अवसर पर सबसे पहले जिले के पुलिस पदाधिकारी वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद प्रभात कुमार के आवास पर एकत्रित हुए. इस मौके पर ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी, सभी डीएसपी और जिले के विभिन्न थाना प्रभारी मौजूद रहे. ढोल-नगाड़ों की थाप पर अधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं. माहौल पूरी तरह रंगमय और उत्साह से भरा रहा. कई अधिकारियों ने पारंपरिक अंदाज में होली खेली और मिट्टी से भी होली का आनंद लिया, जो ग्रामीण संस्कृति की झलक पेश करता है. कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने औपचारिक दायित्वों से इतर सहज वातावरण में एक-दूसरे के साथ समय बिताया. इससे पुलिस महकमे के भीतर टीम भावना और बेहतर तालमेल का संदेश भी गया.

**डीसी आवास पर रंगों की बौछार:** एसएसपी आवास पर होली मनाने के बाद सभी अधिकारी उपायुक्त धनबाद आदित्य रंजन के आवास पहुंचे. यहां भी रंगों की बौछार के बीच होली का जश्न धूमधाम से मनाया गया. डीसी आवास परिसर में अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया. वातावरण में उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा साफ झलक रही थी. प्रशासनिक गरिमा के साथ सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित इस होली मिलन समारोह में सहयोग और समन्वय की भावना प्रमुख रही.

**शांतिपूर्ण होली की अपील:** इस अवसर पर एसएसपी प्रभात कुमार ने जिलेवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने अपील की कि सभी लोग शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं. उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है. साथ ही आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें. डीसी आदित्य रंजन ने भी त्योहार को सुरक्षित, संयमित और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाने की बात कही. उन्होंने कहा कि रंगों का यह पर्व समाज को जोड़ने का माध्यम है और इसे प्रेम व सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए.

**प्रशासनिक एकजुटता का दिखा संदेश:** होली मिलन समारोह के दौरान प्रशासनिक एकजुटता और सौहार्द का स्पष्ट संदेश देखने को मिला. अधिकारियों ने एक-दूसरे के साथ रंग साझा कर यह दर्शाया कि जिला प्रशासन एक टीम के रूप में कार्य करता है. त्योहार के इस मौके पर जहां एक ओर रंगों और खुशियों का उत्सव था, वहीं दूसरी ओर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई. प्रशासन ने यह भरोसा दिलाया कि होली के दौरान जिले में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी. धनबाद में डीसी और एसएसपी आवास पर मनाई गई यह होली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रशासनिक समन्वय, आपसी विश्वास और जनसेवा के संकल्प को मजबूत करने का अवसर भी साबित हुई.

## संक्षिप्त खबरें ।

### बसपा प्रदेश सचिव के पुत्र का हुआ निधन, शोक की लहर



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर। भभुआ प्रखंड के ग्राम भेकास में बसपा के प्रदेश सचिव सह पूर्व मुखिया एवं अधिवक्ता राम एकबाल राम के 23 वर्षीय पुत्र मौसम कुमार के निधन पर शोक सभा का तांता लगा हुआ है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद महतो, बिहार प्रदेश मुख्य जॉन इंचार्ज संतोष कुमार, कैमूर बसपा जिला प्रभारी विष्णु कुमार भूषण, बसपा जिला अध्यक्ष छोटेलाल राम, जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल,मंत्री प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार भास्कर, जिला अधिवक्ता संघ मंटू पांडे, अधिवक्ता आर.के. भारती सहित काफी संख्या में पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त किया है।

### छत से नीचे गिरा बच्चा, इलाज के लिए लाया गया अनुमंडलीय अस्पताल, प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए किया गया रेफर



लोकतंत्र की आवाज
मोहनिया। जहां एक 12 वर्षीय बच्चा छत से नीचे गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,घायल बच्चे की पहचान मोहनिया शहर के वार्ड 12 निवासी जितेंद्र पासवान का पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है। घायल के परिजन ने बताया की विशाल घर के छत पर कुछ काम से गया था और अचानक वह छत से गली मे गिर गया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया,बच्चे को गिरते देख वहा मौजूद आसपास के लोगों ने आनन-फानन में मोहनिया के अनुमंडलीय अस्पताल ले आए जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिए। इस संबंध में अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर दिपक कुमार ने बताया की छत से गिरकर घायल एक बच्चे को लाया गया था उसे हेड इंजरी और फेस इंजरी था,बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिये।

### गुमटी, मड़ई और बाइक में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, दुकान में रखे सामान और बाइक जलकर राख



लोकतंत्र की आवाज
मोहनिया । थाना क्षेत्र अर्रा गांव के पास दो गुमटी,मड़ई और एक बाइक मे असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी, जिससे सभी कुछ जल का राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनिया रामगढ़ पथ पर अर्रा गांव के पास दो गुमटी,एक मड़ई और एक बाइक मे कुछ असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी जिससे सब कुछ जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना मोहनिया थानाध्यक्ष को फोन कर दिया। आग लगने की सूचना मिलते ही मोहनिया थानाध्यक्ष ने फायर ब्रिगेड टीम को सुचित किया। जहां सूचना पाकर कुछ ही डर में के टीम घटना स्थल पर पहुंच गई। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार की शाम लगभग 5 :30 बजे फोन पर जानकारी देते हुए बताया की ग्रामीणो के द्वारा हमें आग लगने की सूचना मिला, हमने तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम को घटना स्थल पर भेजा, जहां कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अभी किसी के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है आवेदन मिलते ही विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### नखत्तौल गांव से चार नाबालिग लड़के लापता, भभुआ थाना में केस दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। भभुआ थाना क्षेत्र के नखत्तौल गांव से चार नाबालिग लड़कों के गायब होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में परिजनों द्वारा भभुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे थाना पहुंचे नखत्तौल गांव निवासी पिंटू हजाम ने आवेदन देकर बताया कि 4 फरवरी को होली पर्व के दिन दोपहर करीब 12 बजे उनका 15 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार गांव के ही अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। बताया गया कि सूरज कुमार के साथ गांव के सुरेंद्र यादव का 14 वर्षीय पुत्र विकास कुमार, विजय बिंद का 15 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार तथा मंजय हजाम का 14 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार भी घर से निकले थे। चारों आपस में घनिष्ठ मित्र हैं और अक्सर साथ रहते थे। परिजनों ने बताया कि काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू की गई। रिश्तेदारों के यहां और आसपास के गांवों में भी तलाश की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद परिजनों ने भभुआ थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। इस संबंध में भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस मामले की जांच करते हुए बच्चों की तलाश में जुट गई है।

# धूमधाम से मनाया गया हजरत अंजान शहीद बाबा का सालाना उर्स

लोकतंत्र की आवाज



दुर्गावती । खजुरा पड़ाव सरैंया गांव स्थित हजरत अंजान शहीद बाबा का सालाना उर्स प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार की रात को धुमधाम से मनाया गया.बाबा की मजार पर हजारों की तायदाद मे जायरीनों ने चादर चढ़ाकर दुआएं मांगी.और रात भर शानदार जवाबी कव्वाली का लोगों ने लुफ्त उठाया.इस अवसर पर सुबह कुरान ख्वानी सायं चादरपोशी तथा रात्री मे मशहूर कौव्वाल शाहरुख साबरी गया एवं बेबी जारा डिस्को कौव्वाला दिल्ली के बीच शानदार मुकाबला हुआ.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर रामगढ़ से बसपा विधायक सतीश यादव उर्फ पिंटू विशिष्ट अतिथि में जिला पार्षद दीपक यादव, रामगढ़ के पूर्व प्रत्याशी आनंद कुमार सिंह मौजूद रहे. मुख्य अतिथि विधायक सतीश यादव ने फीता काटकर कव्वाली समारोह का उद्घाटन किया.कमेटी सदस्यों ने अतिथियों का पगड़ी बाधकर और माला पहनाकर स्वागत किया कौव्वाली सुरू होने से पुर्व सरैयां गांव स्थित मस्जिद के पास से शाम चार बजे से बाबा का चादर उठा.तथा खजुरा बाजार से मजार शरीफ पर आकर चादरपोशी की गई.चादरपोशी के दौरान यूपी बिहार के काफी संख्या मे हिन्दू मुस्लिम बंधुओ ने ज्यारत कर मुल्क की तरक्की व अमन चैन के लिए दुआ ख्वानी की.इस दौरान सुबह से ही दरगाह शरीफ पर जियारत के लिए जायरीनों का ताता लगा रहा इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू-भाई बहनों ने भी मजार पर शिरनी और चादर चढ़ाई. उर्स के मौके पर मजार को बड़े दिलकश अंदाज में सजाया गया था .आकर्षक पंडाल तथा रंग-बिरंगे झूमर और लाइटिंग उर्स की भव्यता के चार चांद लगा रहे थे.इस दौरान विधायक सतीश यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उर्स के मौके पर यहां यूपी-बिहार के आए हुए हजारों श्रद्धालुओं को मेरी शुभकामनाएं हैं.

कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज मे एकजुटता व भाईचारा स्थापित होता है.तथा समाज को एक नई दिशा प्रदान होती है.बहुत खुश नसीब वाले होते हैं जो उर्स के मौके पर पहुंच कर दुआएं हासिल करते हैं .उन्होंने कहां की यहां का उर्स मेला गंगा-जमुनी तहजीब को प्रगाढ़ करता है. मजार हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है. तत्पश्चात मशहूर कव्वाल शाहरुख साबरी व कव्वाला जारा डिस्को दोनों के बीच कड़ा मुकाबला शुरू हुआ .

उर्स में दोनो पार्टियों ने एक से बढ़कर एक कलाम प्रस्तुत किए.कार्यक्रम की शुरुआत शाहरुख साबरी ने नाते रसूल पेश किया.कहा कि नबी को दिलकश नजारों में देखो, चमकते हुए चांद तारों में देखो. इसके बाद उन्होंने देश भक्ति गीत पेश किया. फरमाया कि कसम तुम्हें देता हूं गीता और कुरान की-शान जहां में ऊंची रखना अपने ¨हदुस्तान की. कहा कि सरकार-ए-दो आलम से बस उनको मोहब्बत है- इन लोगों के सीने में कमली वाली की सूरत है .जैसे एक से बढ़कर एक कलाम पेश किया. इससे हजारों लोग झूमते नजर आए.वहीं दुसरा कव्वाला जारा डिस्को ने मेरे आका कि मुझ पर है इतनी करम- अब किसी की करम की जरूरत नहीं. नूर वाली महफिल है रहमतों के साए हैं-दिल की आंखों से देखो कमली वाले आए हैं .

एक से बढ़कर एक कलाम,मनकबत व देश भक्ति गीत सुनाए.दोनों ही कव्वालों के गाने पर श्रोता पूरी रात झूमते दिखे.उर्स में बड़ी तादाद में हिंदू और मुस्लिम लोगों ने शिरकत की.वहीं तमाम दूर-दराज से आए हुए हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरूष पूरी रात भोर पहर तक जवाबी कव्वाली का आनंद लिया. इसके साथ ही उर्स पर बच्चों के छोटे छोटे झूले आकर्षण का केंद्र बना रहा. साथ ही उर्स के दिन बाबा के दरगाह पर लगे तीन दिवसीय मेला का समापन हो गया .

## रामगढ़ में फाग और चैता की धूम: देर रात तक जमी महफिल, गीतों की तान पर झूम उठे लोग



लोकतंत्र की आवाज



रामगढ़ (कैमूर)। रंगों के महापर्व होली को लेकर प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़, बड़ौरा, नरहन समेत विभिन्न गांवों में उल्लास का माहौल चरम पर रहा ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक होली फाग और चैता के गीतों की ऐसी तान छिड़ी कि लोग पूरी रात झूमते नजर आए।

**लोक गीतों से सराबोर हुई रात :** जैसे-जैसे रात परवान चढ़ी, ढोलक की थाप और झाल की झंकार से पूरा इलाका गूंज उठा। रामगढ़ में पैक्स अध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव कुमार सिंह उर्फ राजू से के आवास पर और बड़ौरा में ग्रामीणों की टोलियों ने पारंपरिक शैली में 'फगुआ' गाकर समां बांध दिया। वहीं, चैता के गीतों ने लोगों को भावविभोर कर दिया। बड़े-बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक, हर कोई लोक संस्कृति के इस रंग में रंगा नजर आया।

**भाईचारे और प्रेम का संदेश :** उत्सव के दौरान आपसी गिले-शिकवे भुलाकर लोग एक-दूसरे के गले मिले। 'जोगीरा सा रा रा रा' के उद्घोष के बीच लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और होली की ढेरों बधाइयां दीं।

"यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम भी है। चैता और फाग की ये परंपराएं ही हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती हैं।" — स्थानीय ग्रामीण

**शांतिपूर्ण रहा उल्लास:** विभिन्न जगहों पर देर रात तक चले इन कार्यक्रमों में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा। प्रशासन की मुस्तैदी के बीच लोगों ने सुरक्षित और हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया।

## पूर्व विधायक के पुत्रवधू की श्रद्धांजलि सभा आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

भभुआ कैमूर। भभुआ विधानसभा के पूर्व विधायक कामरेड रामलाल सिंह के पुत्र वधू भूपेश गुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह की धर्मपत्नी शिक्षक के निधन पर आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में राजद कैमूर प्रवक्ता अरुण कुमार सिंह उर्फ मिलन,लोकसभा बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह, डॉ योगेश्वर सिंह यादव, राजद जिला अध्यक्ष अकलू राम, वीरेंद्र कुशवाहा, दिनेश पटेल, सहित काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।

## मिट्टी की दीवार गिरने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत, भभुआ सदर अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम

लोकतंत्र की आवाज



कैमूर । भगवानपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में गली में खेल रहे एक 7 वर्षीय बच्चे के ऊपर मिट्टी की दीवार गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल बन गया।गुरुवार को शाम करीब 4 बजे परिजन बच्चे के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल पहुंचे।

मृतक की पहचान शाहपुर गांव निवासी रतन बिंद के 7 वर्षीय पुत्र अमित कुमार के रूप में की गई है। मृतक बच्चे के दादा बहादुर बिंद ने बताया कि घर के दरवाजे के पास कई बच्चे खेल रहे थे, जिसमें अमित कुमार भी शामिल था। इसी दौरान अचानक पास की एक पुरानी मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से अमित कुमार मलबे के नीचे दब गया। घटना होते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा मिट्टी के मलबे को हटाकर बच्चे को बाहर निकाला। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तुरंत भगवानपुर थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा तैयार किया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में भगवानपुर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## खड़ी कंटेनर में ट्रक ने मारी टक्कर चालक की मौत खलासी घायल

लोकतंत्र की आवाज



दुर्गावती। थाना क्षेत्र के दहियाव गांव के पास NH-19 पर खडी कंटेनर मे पिछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिसमे चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।जबकी खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया।

वहीं घायल खलासी को प्राथमिक इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गावती भेजा गया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मृत चालक रामकरण उम्र 54 बर्ष पिता पटेल सिंह ग्राम बंटखानी तहसील बेहरोर जिला अलवर राजस्थान, घायल खलासी जनवेद पिता अतन सिंह इलाहाबाद उत्तर प्रदेश का निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार दहियाव गांव के पास मंगलवार की शाम राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 के किनारे एक कंटेनर खड़ी थी जिसमें पीछे से आ रही एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया।

## बिहार के शिक्षा सेवकों व तालिमी मरकजों को स्थायी करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से किया अपील

लोकतंत्र की आवाज



विनोद कुमार राम
भभुआ कैमूर। समाज के घोर महादलित,शोषित व उत्पीड़ित बच्चे तथा बच्चियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने वाले बिहार के लग - भग 30 हजार शिक्षा सेवकों व तालिमी मरकजों को स्थायी करने हेतु डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त व मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष मोहन राम एवम शिक्षा सेवक राज कुमार राउत ने माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से किया अपील।

मधेपुरा जिला के मुरलीगंज प्रखंड निवासी शिक्षा सेवक राजकुमार राउत एवम मोहन राम नें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार के लग भग 30 हजार शिक्षा सेवक व तालिमी मरकज के लोग 17 वर्षों से सरकार की लाभ कारी योजनाओं को जन - जन तक पहुंचानें का काम करते आ रहे हैं। जैसे - गाँव व टोले में बसर करनें वाले दलित समाज के बच्चे व बच्चियों को विद्यालय ले जाने , निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने की बात हो या मतदाता सूची में नाम दर्ज करनें की बात इत्यादि, सभी लोग निष्ठा व लगन के साथ कार्य करते आ रहे हैं। जिसके एवज में मात्र 22 हजार रुपये मानदेय दिया जाता है।

श्री राज कुमार राउत नें कहा कि मैं अपनी चार बेटियों को उच्चतर शिक्षा प्राप्त हेतु अन्य राज्यों में भेजा हूँ, जो इस अल्प वेतन में हम सभी शिक्षा सेवकों व तालिमी मरकज के लोगों का कैसे जीवन यापन होता होगा, यह बिचारनीय बात है। इस अल्प वेतन के कारण न तो ये लोग अपने बच्चे व बच्चियों को अच्छे विद्यालय में तालीम दे पाते हैं और न ही बीमार परिवार को अच्छे से इलाज ही करा पाते हैं। कितने शिक्षा सेवक व शिक्षा सेवक तालिमी मरकज अर्थाभाव के कारण काल के गाल में चले गये।

उक्त ब्यक्तियों नें बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से शिक्षा सेवकों एवम तालिमी मरकजों को स्थायी करने का अपील किया है,ताकि लोग अमन चैन के साथ जीवन यापन कर सके।

## बाबा साहब की प्रतिमा खंडित किए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष , जांच शुरू

लोकतंत्र की आवाज



विनोद कुमार राम
भभुआ कैमूर। भगवानपुर प्रखंड के भैरोपुर गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया। शरारती तत्वों द्वारा प्रतिमा के हाथ को क्षति पहुंचाई गई है, जिसके बाद से स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

जिले में हाल के दिनों में महापुरुषों के अपमान की बढ़ती घटनाओं ने सामाजिक समरसता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वैचारिक मतभेद और आपसी द्वेष के कारण महापुरुषों की प्रतिमाओं को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे समाज में नकारात्मकता और वैमनस्य का माहौल बन रहा है।

**प्रशासनिक कार्रवाई :** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई है। ग्रामीणों की पहल और संवेदनशीलता को देखते हुए भगवानपुर थाना ने अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है। दोषियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी गई है। मंत्री प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार भास्कर ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि खंडित प्रतिमा का अविलंब ससम्मान पुनर्निर्माण कराया जाए। जिले में स्थापित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को किया गया हायर सेंटर रेफर

लोकतंत्र की आवाज



मोहनिया। थाना क्षेत्र के बेर्रा गांव के पास बाइक सवार ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया। घायल का पहचान बेर्रा गांव निवासी स्वर्गीय वासुदेव पासवान के पुत्र अरविंद पासवान के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविंद किसी काम से सड़क के किनारे जा रहा था, तभी पीछे से एक अनियंत्रित बाइक चालक ने अरविंद को टक्कर मार दी, जिससे अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास मौजूद ग्रामीणों ने अरविंद को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया ले आए, जहां उसका प्राथमिक उपचार शुरू हुआ है। उधर ग्रामीणो ने बाइक चालक को पकड़ कर खूब पिटा और एक कमरे में बंद कर दिया। जिससे बाइक चालक को गंभीर चोटें आई और वह बेहोश हो गया। उसे भी आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार हुआ। घायल बाइक चालक की पहचान अकोढ़ी गांव निवासी राम प्यारे राम के पुत्र नीतिश कुमार के रूप में हुई है। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने दोनों का गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिये। बाइक से घायल के घर वाले बाइक चालक का इलाज नहीं होने दे रहे थे, कुछ डर के लिए अनुमंडल अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था, इधर सड़क दुर्घटना का सूचना मिलते ही मोहनिया थानाध्यक्ष दल बल के साथ अनुमंडल अस्पताल पहुंचे और मामला को शांत कराया।

इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने मंगलवार की दोपहर 1:00 बजे फोन पर जानकारी देते हुए बताया की सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया था,वहीं बाइक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पिटा और एक कमरे में बंद कर दिया था जिससे बाइक चालक भी घायल हो गया था दोनों को अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है, अभी किसी भी पक्ष के द्वारा आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है, वहीं बाइक को जप्त कर हम लोग थाने ले आये हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हिलसा : शराब के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

हिलसा ।हिलसा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मध्य निषेध थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 14 लीटर देसी शराब और 1.8 लीटर विदेशी शराब को जप्त किया गया है।इस दौरान दो महिलाएं सहित तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में मध्य निषेध थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हिलसा थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर की गई कार्रवाई में जोगिंदर कुमार, रूबी देवी, आंचल कुमारी को गिरफ्तार किया गया है। मध्य निषेध थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अगरबत्ती लगाने को लेकर विवाद, प्रधान के भाई को पीटा

लोक तंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता

हरदोई। बिलग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर कनहरी में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में कब्रिस्तान को लेकर विवाद पहले से चल रहा था।इसी बीच अगरबत्ती लगाने को लेकर कहासुनी हुई और दोनों में मारपीट हो गई । ग्राम प्रधान वकील खां के भाई क़फील किसी काम से कब्रिस्तान गए थे। तभी अगरबत्ती लगाने को लेकर अचानक कुछ लोगों से कहासुनी हो गयी।इस पर लोगों ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि शमीर और जहीर ने क़फील के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल क़फील को परिजनों ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम में भर्ती कराया।वर्तमान में उनका उपचार जारी है। हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस प्रशासन ने घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई करने की पुष्टि की है।स्थानीय लोगों ने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

लोक तंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता

हरदोई।हरदोई रोड पर शाहाबाद तिराहा के निकट गन्ना भरे ट्रक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी।इस दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना मिलने पर सीओ अजीत सिंह, इंस्पेक्टर छोटेलाल मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। बताया जाता है कि करीमनगर गांव निवासी रोहित कुशवाहा पिहानी से अपने गांव वापस जा रहा था।शाहाबाद तिराहा के निकट गन्ने से भरे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। चिंताजनक हालात में सीएचसी लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि रोहित की शादी दस दिन पहले ही हुई थी।वह सांडी रोड स्थित शाब्दीपुर गांव में अपनी ससुराल जाने की तैयारी कर रहा था। इसी सिलसिले में वह कुछ सामान लेने पिहानी आया था और वापस अपने गांव जा रहा था कि रास्ते मे दुर्घटना का शिकार हो गया।सीओ अजीत चौहान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के लिए पंचनामा ली कार्रवाई की जा रही है। अन्य आवश्यक कार्रवाई प्रचलित है।

### नाबालिग से घर में घुसकर की छेड़छाड़: विरोध करने पर मां-बेटी को बेरहमी से पीटा, पुलिस जांच जारी



लोक तंत्र की आवाज

उरई जालौन ।जिले के कालपी थाना क्षेत्र के मैनूपुर गांव में एक नाबालिग लड़की से घर में घुसकर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने नाबालिग और उसकी मां को बेरहमी से पीटा। यह घटना 4 मार्च की रात करीब 9 बजे हुई। पीड़िता कीमां शौच के लिए घर से बाहर गई हुई थी, और नाबालिग बेटी घर में अकेली थी। इसी दौरान, गांव के कुछ युवक दीवार फांदकर घर में घुस गए। उन्होंने नाबालिग को जबरन घसीटा और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। नाबालिग ने जब विरोध किया और शोर मचाया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके कपड़े फट गए।इसी दौरान, जब उसकी मां घर लौटी और उसने अपनी बेटी को आरोपियों के चंगुल में देखा, तो उसने बीच-बचाव का प्रयास किया।आरोप है कि हमलावरों ने मां-बेटी दोनों को बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में गांव के कल्लू, शेरा, दद्दी और रामभरोसे के खिलाफ कालपी कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम आवास पर हर्षोल्लास के साथ खेली गई होली

**अधिकारियों ने उत्साह से मनाया होली का पर्व, अधिकारियों/ कर्मचारियों ने खूब किया डांस**





**लोक तंत्र की आवाज**

**उरई जालौन ।** होली के पर्व पर जालौन के उरई जिलाधिकारी आवास स्थिति बुध व गुरुवार को जिले के अधिकारियों व जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के बीच अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली मनाई। रंग, अबीर और गुलाल के साथ-साथ नालों से पानी लेकर रंग भरकर एक दूसरे के ऊपर रंग की बाल्टी भरकर डाली रंगीन पानी से खेली गई होली। ढोल-नगाड़ों और फिल्मी गीतों की धुन पर जमकर झूमते नजर आए, जिससे पूरे आवास परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला

होली मिलन कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दीं। और जमकर ठुमके लगाए ।इस दौरन रंगीन पानी की बौछारें और डीजे की गूंज की धुन सुनाई गईं, जिसमें पूरी तरह रंगों में सराबोर हो गए अधिकारी और कर्मचारी । फिल्मी गीतों और फाग के माहौल में नाचते-गाते दिखाई दिए और पूरे जोश के साथ होली का आनंद लिया। डी एम, एस पी, ए डी एम ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को होली पर्व की शुभकामनाएं / बधाई दीं। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की खुशियां साझा कीं। अधिकारियों ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है इस दौरान डीएम, एस पी ने ए डी एम ने सभी को बधाई देते हुए खुशी-खुशी त्योहार मनाया।

## 'ऑपरेशन सवेरा': थाना नागल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 45 लाख की स्मैक के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**लोकतंत्र की आवाज़**

**साजिद सलमानी**

**सहारनपुर।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे "ऑपरेशन सवेरा" के तहत थाना नागल पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुजफ्फरनगर-सहारनपुर हाईवे से एक शातिर नशा तस्कर सुशील कुमार (निवासी हरिद्वार, उत्तराखण्ड) को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 212 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 45 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नगदी और तस्करी में प्रयुक्त बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस महानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के मार्गदर्शन में जारी इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के चंगुल से बचाना है। फिलहाल पुलिस अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसके 'फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक्स' की सघन जांच कर रही है ताकि इस पूरे तस्करी नेटवर्क की जड़ तक पहुंचा जा सके।

## इस्लामपुर में दो अलग-अलग स्थानों से महिला व पुरुष का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**लोक तंत्र की आवाज**

**इस्लामपुर ।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को दो अलग-अलग गांवों से एक विवाहित महिला और एक पुरुष का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।पहली घटना थाना क्षेत्र के मणीचक गांव की है, जहां गांव के उत्तर दिशा में स्थित गेहूं के खेत से 26 वर्षीय विवाहित महिला का शव बरामद किया गया।मृतका की पहचान मणीचक निवासी बृजेश कुमार की पत्नी विमला देवी के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस संबंध में मृतका के मायके पक्ष, जो पटना जिला के पीपरा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जाते हैं, ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मायके वालों के बयान पर इस्लामपुर थाना में ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

वहीं दूसरी ओर, थाना क्षेत्र के रामा विगहा गांव से भी एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान रामा विगहा निवासी स्वर्गीय नारायण महतो के पुत्र किशोरी प्रसाद के रूप में हुई है।पुलिस ने बताया कि इस मामले में अब तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन थाना में नहीं दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## ड्रोन हमलों को रोकने के लिए भारत ने बना दिया ऑटोनॉमस स्वार्म इंटरसेप्टर, नाम दिया 'YAMA', जानें इसकी खूबियां

**लोक तंत्र की आवाज**

**नईदिल्ली ।** दुनियाभर में आज युद्ध के मैदान में ड्रोन एक बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। चाहे ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी जंग हो या रूस और यूक्रेन के बीच, या फिर बीते साल भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सैन्य झड़प।इन सभी जंग में ड्रोन्स की अहम भूमिका थी।

ऐसे में ड्रोन के हमलों को रोकने के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगातार डिमांड में हैं। इसी क्रम में रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी के बढ़ते कदम की एक ओर मिसाल पेश करते हुए फ्लाइंग वेज नाम की कम्पनी ने भारत के पहले ऑटोनॉमस स्वार्म इंटरसेप्टर, FWD का सफल टेस्ट किया है। कम्पनी ने इस इंटरसेप्टर को "यमा" (यमराज) नाम दिया है।



**एंटी-ड्रोन सिस्टम से जीती जा सकती है जंग:** दरअसल, अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग में एक अहम खबर जो सामने आई। वो ये थी कि ईरान के 20 हजार डॉलर वाले ड्रोन ने 4M डॉलर के US पैट्रियट इंटरसेप्टर को चकमा दे दिया। इससे इस बात के संकेत मिलने लगे हैं कि भविष्य की जंग बेहतर एंटी-ड्रोन सिस्टम से जीती जा सकती है। इसी बात पर फोकस करते हुए बेंगलुरु की निजी डिफेंस कम्पनी फ्लाइंग वेज डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत के पहले ऑटोनॉमस स्वार्म इंटरसेप्टर, FWD YAMA का सफल टेस्ट किया है।

**क्या हैं YAMA की खूबियां ?:** FWD YAMA को खास तौर पर फ्लाइंग वारहेड्स और ड्रोन झुंडों के लिए बनाया गया है। दस हजार डॉलर प्रति यूनिट की अनुमानित लागत के साथ, यमा ऑटोनॉमस इंटरसेप्टर से 100 गुना तक कम लागत पर इंटरसेप्शन सम्भव है। कम्पनी ने पहले सफल टेस्ट का वीडियो भी जारी किया है जिसमें यमा ड्रोन झुंडों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर उन्हें नष्ट करता हुआ दिखाई दे रहा है।

## मजदूर की संदिग्ध पथतियों में मौत: जालौन में होली के बाद परिवार में छाया मातम, पुलिस जांच में जुटी

**लोक तंत्र की आवाज**



**उरई जालौन ।** उरई कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इंद्रा नगर में होली के त्योहार के बीच एक 35 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा नगर इलाके में हुई, जिससे परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान इंद्रा नगर निवासी रूपसिंह (35) के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी संतोषी और दो बेटे आयुष व हरिमोहन हैं। परिजनों ने बताया कि रूपसिंह की तबीयत अचानक बिगड़ी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

रूपसिंह की मौत की खबर से परिवार में शोक व्याप्त है। पत्नी संतोषी और बच्चों की स्थिति दुखद है। आसपास के लोग और रिश्तेदार परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। त्योहार के मौके पर हुई इस घटना से पूरे इलाके में उदासी छा गई है।

उरई कोतवाली पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल व पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मजदूर की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस फिलहाल मामले की गहनता से जांच कर रही है और परिजनों से भी पूछताछ जारी है।

## हरदोई: होली की खरीदारी करने निकले छात्र की हादसे में मौत

**लोक तंत्र की आवाज**

**ब्यूरोचीफ/शिवम गुप्ता**

**हरदोई।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के सोनारन टोला निवासी 14 वर्षीय छात्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना से नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सोनारन टोला निवासी सागर वैश्य पुत्र गोपाल जी वैश्य मंगलवार रात लगभग 11 बजे अपनी मोटरसाइकिल से होली के त्योहार का सामान खरीदने के लिए घर से निकला था।

इसी दौरान प्रताप नगर–बेनीगंज मार्ग पर विमल पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। बताया जाता है कि दूसरी मोटरसाइकिल पर पिपरी गांव निवासी मंजेश पुत्र बहोरन पेट्रोल पंप पर डीजल लेने के लिए आया हुआ था।



आमने-सामने हुई टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां भेजा गया। वहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया।

इलाज के दौरान सागर की मौत हो गई, जबकि घायल मंजेश का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भीषण थी कि सड़क पर खून फैल गया। दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश सरोज ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतक सागर कक्षा आठ का छात्र था। सीतापुर स्थित सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में पढ़ता था। वह अपने दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता गोपाल जी व्यापार करते हैं।

## झपट्टा मारकर लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार, बाइक समेत नकदी बरामद

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**

**हरदोई।** महिला के कान का झाला छीनने की घटना का पुलिस ने राजफाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से छीना गया पीली धातु का झाला, 11 हजार रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपित शाहजहांपुर जिले का रहने वाला है।18 फरवरी 2026 को रंजन कुमार श्रीवास्तव निवासी मुहल्ला पटियानीम, थाना पाली, जनपद हरदोई ने थाना शाहाबाद में तहरीर दी थी कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी पत्नी के कान का झाला छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर जांच की।कोतवाल अरविंद कुमार राय के अनुसार जांच के दौरान पुलिस ने प्रकाश में आए आरोपित राजबाबू पुत्र रमेश निवासी ग्राम वडेपुर, थाना तिलहर, जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक कान का झाला (पीली धातु), 11,000 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

## रुपए न देने पर डेयरी संचालक पर हमला, लूटपाट, तोड़फोड़ का लगाया आरोप; एक आरोपी गिरफ्तार; वारदात CCTV में कैद

**लोकतंत्र की आवाज**

**उरई जालौन ।** उरई शहर में डेयरी संचालक के साथ मारपीट और चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में डेयरी संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली उरई में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि युवक को किस तरीके से बेरहमी से पीटा जा रहा है।



उरई कोतवाली क्षेत्र के बंबी रोड पटेल नगर निवासी विक्रांत प्रताप सिंह पुत्र प्रताप सिंह की राजेंद्र नगर बैंक कॉलोनी में दूध डेयरी है। विक्रांत के अनुसार 4 मार्च की रात करीब 10:15 बजे अपनी डेयरी बंद कर घर लौट रहा था। तभी डेयरी के सामने सुमित भारती, सागर कुशवाहा, आलोक, अभय गिहार सहित करीब सात अन्य अज्ञात युवक वहां आ गए। आरोप है कि सभी लोग शराब के नशे में थे और उन्होंने विक्रांत को रोककर शराब पीने के लिए अवैध रूप से रुपये मांगने लगे।

विक्रांत द्वारा रुपये देने से मना करने पर सभी आरोपियों ने एक राय होकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आलोक नामक युवक ने चाकू निकालकर जान से मारने की नीयत से विक्रांत पर कई वार कर दिए, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसी बीच एक अन्य युवक ने उसके सिर पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने डेयरी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में भी तोड़फोड़ की और उसकी बुलेट मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा जेब में रखे करीब 800 रुपये भी छीनकर ले गए।

घटना के दौरान मौके पर पहुंचे अतुल और महेश ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसने सुमित को पकड़ लिया, जबकि अन्य आरोपी भाग निकले। वही पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने कोतवाली उरई में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।